# उप्र में विकास की गति और तेज होगी, ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जौनपुर। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में हुए विकास के आधार पर अब राज्य की प्रगति की रफ्तार और तेज की जाएगी तथा वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जिसमें उत्तर प्रदेश छह ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जौनपुर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री शर्मा ने कहा कि कभी 'बीमारू' कहे जाने वाला उत्तर प्रदेश आज निवेश, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि बिना भेदभाव के शासन की नीति के तहत योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है और प्रदेश सुशासन के मजबूत आधार के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, शांति और स्थिरता के कारण प्रदेश की नई पहचान बनी है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति प्रभावी ढंग से लागू की गई है तथा प्रमुख शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने से कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। इस दिशा में राम मंदिर अयोध्या, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और विंध्यवासिनी कॉरिडोर जैसे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इन्हें महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर लोगों को मिल रहा है और सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ी है। इस अवसर पर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह, भाजपा नेता अजय सिंह, पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी दिनेश चंद, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टैक्स कलेक्शन का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने वरुणापार जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, नागरिक सुविधाओं एवं विभिन्न पटल पर संचालित कार्यों का गहन अवलोकन किया गया।

नगर आयुक्त ने पटल सहायकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, पीला कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तथा डिमांड एवं असेसमेंट रजिस्टर/अभिलेखों, जन्म मृत्यु पंजीयन आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपादित किए जाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

निरीक्षण के क्रम में टैक्स कलेक्शन कंप्यूटर कक्ष का भी जायजा लिया गया। इस दौरान उपस्थित करदाताओं से संवाद कर भवन कर जमा करने में आ रही सुविधाओं की जानकारी ली गई। नागरिकों द्वारा किसी प्रकार की समस्या न होने पर संतोष व्यक्त किया गया। नगर आयुक्त ने कार्यालय परिसर में अनावश्यक रूप से पड़े स्क्रैप सामग्री को तत्काल हटाने के निर्देश जोनल अधिकारी को दिए, ताकि परिसर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बना रहे।

जन्म-मृत्यु पंजीकरण पटल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवेदन 15 दिनों से अधिक लंबित न रहे। यदि किसी कारणवश आवेदन लंबित हो, तो उसका नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी कर्मचारियों को अपने-अपने पटल पर कार्य करते समय अनिवार्य रूप से पहचान पत्र धारण करने के निर्देश दिए गए, जिससे आम नागरिकों को संबंधित कर्मचारी तक पहुंचने में सुविधा हो तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना है, और इस दिशा में नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग जारी रहेगी।

## प्रयागराज कमिश्नरेट में फ़ेरबदल, तीन एसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज कमिश्नरेट में पुलिस प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव किए गए हैं। जोगेन्द्र कुमार ने तीन एसीपी के कार्यक्षेत्र में फ़ेरबदल किया है। जानकारी के अनुसार अपराध शाखा में तैनात एसीपी कुंजलता को झूसी का एसीपी बनाया गया है। वहीं विमल किशोर मिश्रा को कर्नलगंज और वेद व्यास मिश्रा को बारा क्षेत्र का एसीपी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह बदलाव क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। अधिकारियों को नए क्षेत्र में तुरंत कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। इससे स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था को बेहतर करने की उम्मीद जताई जा रही है।

## तेलियरगंज में पुलिस की गाड़ी पलटी, तीन दरोगा समेत पांच घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के तेलियरगंज इलाके में बड़ा हादसा हो गया, जब नैनी थाना पुलिस की गाड़ी पलट गई। हादसे में तीन दरोगा समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि नैनी थाना पुलिस दबिश देकर लौट रही थी। इसी दौरान शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज में वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। घायलों में दरोगा हर्ष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बलिराम और महिला सिपाही संगीता शामिल हैं। सभी को तत्काल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की गति तेज थी, जिससे संतुलन बिगड़ गया। पुलिस अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। साथ ही वाहन की तकनीकी स्थिति और चालक की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## निर्माणाधीन मकान गिरने से एक की मौत, एक गंभीर घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के मलाकराज क्षेत्र में दर्दनाक हादसा सामने आया है। निर्माणाधीन मकान अचानक भरभराकर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य में लापरवाही और कमजोर ढांचा हादसे की वजह हो सकता है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## चेन लुटेरे को पुलिस ने भेजा जेल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने महिला से चेन छीनकर भागने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार बी–4–304 नंदनी एन्कलेव अवध बिहार योजना की रहने वाली रचना अवस्थी द्वारा 27 फरवरी को लूलू मॉल के पास से एक अज्ञात युवक द्वारा उनके गले से सोने की चेन छीन कर भाग जाने की शिकायत की गई थी।जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी।इसी बीच मंगलवार को पुलिस ने मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर झिलझिला मोड़ से नहर की पटरी के रास्ते से इस्कान टेम्पल की ओर आ रहे एक युवक को पकड़ लिया।पकड़े गए युवक ने पूंछतांछ में अपना नाम अरूण कश्यप पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी कनौजिया कालोनी नियर एलआरपी चौराहा थाना सदर कोतवाली जनपद लखीमपुर खीरी हालपता टेड़ीपुलिया नियर जगरानी हास्पिटल थाना गुडम्बा बताया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसकी पैंट की जेब से एक पीली धातु की चेन बरामद हुई।पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अस्मिता खेलों इंडिया वूमेंस वॉलीबॉल लीग के ट्रॉफी पर यूपी पुलिस का कब्ज़ा, फाइनल में किया प्रवेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अस्मिता खेलों इंडिया वूमेंस वॉलीबॉल प्रतियोगिता लीग महाराणा प्रताप वॉलीबॉल अकादमी में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मुख्य मुकाबला मंगलवार को महाराणा प्रताप खेल मैदान में खेला गया। पहला सेमी फाइनल महाराणा प्रताप वॉलीबॉल अकादमी लखनऊ व एसएसबी लखनऊ के बीच रोमांचक मैच खेल गया। जिसमें पहला सेमी फाइनल मैच महाराणा प्रताप ने दोनों सेट 25–20 व 25–23 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बना ली। द्वितीय सेमी फाइनल केडी सिंह स्टेडियम और यूपी पुलिस के बीच रोमांचक मैच हुआ। जिसमें यूपी पुलिस ने केडी सिंह स्टेडियम को लगातार दोनों से 25–22 व 25–21 से जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। समापन के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सुनील राव ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी वितरित किया। फाइनल मैच महाराणा प्रताप व यूपी पुलिस के बीच हुआ।

# स्वास्थ्य सेवाओं में उत्तर प्रदेश बना देश में अग्रणी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सरकार ने 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किये
- डिजिटल हेल्थ में यूपी ने बनाया रिकॉर्ड, माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट में भी प्रथम स्थान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। राज्य सरकार ने इस दौरान न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत किया, बल्कि डिजिटल हेल्थ, आपात सेवाओं, मातृ-शिशु देखभाल समेत स्वास्थ्य सेवा के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज कई स्वास्थ्य मानकों पर देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

सरकारी प्रवक्ता का कहना है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए हैं। माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के तहत 35 माइक्रोसाइट्स का संचालन किया जा रहा है, जहां 4.4 लाख से अधिक रिकॉर्ड पंजीकृत कर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से रोगों की निगरानी और रोकथाम को अधिक प्रभावी बनाया गया है।

अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता पर नजर रखने के लिए 'केयर मॉडल' लागू किया गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर की सुविधा दी गई है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 13,51,044 लाभार्थियों को लाभ मिला है, जबकि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 8,79,642 बच्चों का उपचार किया गया है।

दस्तक अभियान के जरिए एईएस-जेई जैसी बीमारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 22,681 आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत 13.18 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। हेल्थ प्रोफ़ेशनल रजिस्ट्री में 81,615 से अधिक पंजीकरण कर प्रदेश देश में अग्रणी बना है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के जरिए 1.80 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार : आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.31 करोड़ परिवारों के 5.59 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए हैं। 9 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 7.34 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत 50.64 लाख परिवारों के 1.50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई है। स्वास्थ्य अवसंरचना के विस्तार में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। सभी जिलों में 873 जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। 63,407 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन के साथ उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में अब तक 13,353 करोड़ रुपये खर्च कर 81.55 लाख मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। आयुष्मान योजना से जुड़े 6,213 अस्पतालों (2950 सरकारी और 3263 निजी) का नेटवर्क देश में सबसे बड़ा है। आपातकालीन सेवाओं में 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से 4 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला है। एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाकर 375 कर दी गई है। एम्बुलेंस सेवाओं की पहुंच और क्षमता में सुधार करते हुए प्रतिदिन की दूरी 60 किमी से बढ़ाकर 120 किमी कर दी गई है। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के जरिए 1.80 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार किया गया है। योगी सरकार में प्रदेश में 75 जिलों के अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे 41.46 लाख से अधिक मरीज लाभान्वित हुए हैं। जिलों में सीटी स्कैन सेवा शुरू की गई है। दूरदराज के क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन और टेली कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉर्पोरेशन की स्थापना की, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और आपूर्ति में पारदर्शिता आई है। साथ ही, 798 स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। खाद्य सुरक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रदेश ने कदम बढ़ाए हैं।

36 मोबाइल प्रयोगशालाओं के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में माइक्रोबायोलॉजी लैब स्थापित कर खाद्य गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत किया गया है। फार्मास्यूटिकल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए 'प्रमोद फार्म' संस्था की स्थापना भी की गई है। इसके अलावा, प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना लागू की गई है, जिससे उन्हें कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, विभिन्न विभागों से जुड़े लाखों परिवारों को भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में शामिल किया गया है।

# एम्स रायबरेली में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। एम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने 24 मार्च 2026 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर एक वैज्ञानिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में डॉ. रॉबर्ट कोच द्वारा 1882 में 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' की खोज की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम, ल्हाँ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैंङ्क क्षय रोग को समाप्त करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ) नीरज कुमारी (डीन - अकादमिक), कर्नल यू. एन. राय (वित्तीय सलाहकार), डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव (अपर चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. सना इस्लाही (सह-प्रोफ़ेसर), जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार (सह-प्रोफ़ेसर) और डॉ. श्वेता सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर) सहित रेजीडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सालय कार्मिक, मरीज तथा उनके तीमारदार उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने सभा को संबोधित किया और टीबी को नियंत्रित करने में शीघ्र निदान, समय पर उपचार और जागरूकता के महत्व पर ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें तपेदिक के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया; इनमें टीबी निदान में हालिया प्रगति, नमूना संग्रह और दवा-प्रतिरोधी टीबी का निदान तथा टीबी प्रबंधन के लिए डब्ल्क के अद्यतन दिशानिर्देश शामिल थे। आउटरीच कार्यक्रम के तहत एम्स रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो स्थानों पर व्यापक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओल्ड ओपीडी परिसर में एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा मरीजों एवं तीमारदारों के साथ नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से टीबी के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में संदेश दिया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. भोला नाथ द्वारा जनसमुदाय से संवाद किया तथा टीबी की शीघ्र पहचान, पूर्ण उपचार एवं पूर्ण स्वस्थ होने के महत्व पर बल दिया। दूसरे कार्यक्रम दरियापुर गांव में आयोजित किया गया, जहां ग्राम प्रधान, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ, आशा वर्कर, स्कूल शिक्षकों एवं समुदाय के लाभार्थियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर हितधारक चर्चा आयोजित की गई, जिसमें टीबी नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी, शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# भूमाफियाओं पर कसेगा शिकंजा, बड़े अभियान की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में अब भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों में सक्रिय भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों को जल्द ही बेदखल किया जाएगा।

डीएम के आदेश पर एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जिसमें राजस्व, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह टीम समन्वय के साथ कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराएगी और भविष्य में ऐसे मामलों पर रोक लगाएगी।

प्रशासन की विशेष नजर करछना, मेजा, कोरांव, बारा, हंडिया, फूलपुर, सोरांव और सदर तहसील पर है, जहां बड़े स्तर पर कार्रवाई की योजना बनाई गई है। इन क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध कब्जे की शिकायतें मिलती रही हैं।

सूत्रों के अनुसार भूमाफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है और उनकी संपत्तियों का सत्यापन भी शुरू हो चुका है। अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई के साथ-साथ सख्त कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे।

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रशासन के इस कड़े रुख से साफ है कि अब जिले में भूमाफियाओं के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होने जा रही है और आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर अभियान देखने को मिल सकता है।

# एलपीजी केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली, कमर्शियल धारकों को नहीं मिल रहा सिलेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज)। क्षेत्र में एलपीजी गैस को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। एक ओर जहां लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में घंटों खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली के आरोप भी सामने आ रहे हैं।

कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके गैस कनेक्शन में न तो मोबाइल नंबर जुड़ा है और न ही केवाईसी पूरी हुई है। वहीं कुछ ऐसे कनेक्शन भी हैं जिन पर वर्षों से सिलेंडर नहीं लिया गया, जिससे वे निष्क्रिय (सस्पेंड) हो गए हैं। अब जब उपभोक्ता एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, तो उनसे पासबुक और आधार कार्ड की छायाप्रति मांगी जा रही है। साथ ही, कनेक्शन दोबारा सक्रिय करने के नाम पर 250 रुपये लिए जा रहे हैं। आरोप है कि यह राशि बिना किसी रसीद के ल्लसुविधा शुल्कङ्क के रूप में ली जा रही है। रसीद मांगने पर उपभोक्ताओं को साफ मना कर दिया जाता है। जो उपभोक्ता पैसे देने से इनकार करते हैं, उनका काम नहीं किया जा रहा। इससे लोगों में नाराजगी है और इसे एजेंसी द्वारा शोषण बताया जा रहा है, जिससे सरकार की छवि भी प्रभावित हो रही है।

कई उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर इस अनियमितता की पुष्टि की है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। वहीं दूसरी ओर, क्षेत्र में गैस की किल्लत भी बनी हुई है। कमर्शियल कनेक्शन धारकों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में वे लकड़ी, कोयला या मिट्टी के चूल्हे का सहारा लेकर काम चला रहे हैं, जिससे उनके व्यापार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। चमनगंज, कोरांव निवासी गौतम मोदनवाल ने बताया कि उनके पास तीन कमर्शियल कनेक्शन हैं, लेकिन उन्हें भी गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ऐसे ही दर्जनों उपभोक्ता इस समस्या से जूझ रहे हैं। इस संबंध में जेबी इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक का कहना है कि जितनी मात्रा में उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई है, उसके अनुपात में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो भी सिलेंडर मिल रहे हैं, उन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं में वितरित किया जा रहा है। फिलहाल सुरक्षा कारणों से होम डिलीवरी बंद कर दी गई है और एजेंसी से ही लाइन में खड़ा कर सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

### रामजन्मोत्सव की छटा में भक्तिमय हुई श्रीमद्भागवत कथा, बधाई भजनों पर झूम उठा पंडाल

# भक्ति के आगे शक्ति भी नतमस्तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित जीएस उत्सव लॉन में 19 मार्च से शाम पांच बजे से रात दस बजे तक चल रही साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास बाल ब्रह्मचारी डंडी स्वामी श्री आनंदाश्रम जी महाराज ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति कभी भक्ति को पराजित नहीं कर सकती, क्योंकि माया भी उसी परमात्मा के संकेत पर संचालित होती है, जो स्वयं प्रकाश और स्वयं सिद्ध है। स्वामी जी ने 'सत हरि भजन जगत सब सपना, सोई जानहि जेहि देत जनाई' का भाव स्पष्ट करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा के बिना न तो भक्ति प्राप्त होती है और न ही मुक्ति। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य सभी इच्छाओं और बंधनों से मुक्त हो जाता है, तभी वास्तविक मुक्ति का अनुभव करता है। इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति को जीवन की तीन प्रमुख शक्तियां बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अच्छे कर्मों को प्रोत्साहित करे तो नकारात्मक विचार स्वतः समाप्त हो जाते हैं।कथा के दौरान रामायण प्रसंग में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिस पर श्रद्धालु 'बधाई' भजनों की धुन पर झूम उठे। अयोध्या धाम की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने सरयू को प्रेम, गंगा को ज्ञान एवं मोक्ष तथा यमुना को भक्ति की धारा बताया। उन्होंने कहा कि सच्चा प्रेम वही है, जिसमें किसी को दुख पहुंचाने की भावना न हो, बल्कि समर्पण और करुणा का भाव हो। स्वामी जी ने कहा कि काम ही रावण का स्वरूप है और मर्यादित जीवन शैली ही उसके दमन का मार्ग है। उन्होंने राम-सुग्रीव मैत्री, हनुमान जी का लंका प्रवेश, रावण वध और रामराज्याभिषेक तक की कथा का सजीव चित्रण करते हुए आदर्श रामराज्य की अवधारणा को विस्तार से समझाया। संगीतमय भजनों के बीच 'आओगे कब चक्रधारी, डूबती है नैय्या हमारी' जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा प्रतिदिन अपराह्न पांच बजे प्रारंभ होकर देर रात्रि तक चल रही है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंतर्मन से कथा श्रवण कर रहे हैं। इस अवसर पर कामताश्रम जी महाराज, परमांश्रम जी महाराज सहित अन्य संतजन बटुक भी मंच पर उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा में अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्निहोत्री एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के भावी दावेदार बब्बी शुक्ला सहित भारत सेवक समाज के अध्यक्ष शिव नारायण सोनी ने कथा व्यास बाल ब्रह्मचारी डंडी स्वामी जी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण भेंट कर उनका अभिनंदन किया। श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान सुनीता शर्मा एवं मनोज शर्मा रहे, जबकि आयोजन व संयोजन में ज्ञान शंकर तिवारी, रामाकांत मिश्रा, विकास मिश्रा और भगवत प्रताप सिंह सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय रूप से जुटे रहे।

# धूमधाम से मनाया गया चैती छठ महापर्व, गोमती तट पर उमड़ी आस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में चैती छठ महापर्व का भव्य आयोजन मंगलवार को किया गया। बुधवार को भी लक्ष्मण मेला मैदान, गोमती तट पर चैती छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंगलवार को बड़ी संख्या में व्रती एवं श्रद्धालु एकत्र होकर सूर्य उपासना में लीन नजर आए।

मंगलवार, को शाम करीब 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का छठ घाट पर पहुंचना शुरू हो गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद शाम 6 बजे भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई। व्रती महिलाओं ने परंपरा के अनुसार घरों में कोसी भरने की तैयारी भी की।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 25 मार्च को प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन किया जाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा व्रती महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। इस आयोजन में समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें अखिल भारतीय भोजपुरीसमाज समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय, जितेंद्र सोनकर, रामयतन यादव, सुनील सिंह और पंडित राज कुमार सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। सभी ने मिलकर सूर्य भगवान की आराधना कर देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा पिछले 42 वर्षों से इस छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो लखनऊ में आस्था और परंपरा का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# तालाबों में फूलों की खेती से साफ होगा पानी, बढ़ेगी आमदनी : सजंय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ प्रदूषित पानी से ऑक्सीजन की कमी, मछलियों की मौत, पानी की जांच के निर्देश



बख्शी का तालाब,लखनऊ। अकड़रिया कला गांव में आबादी के बीच स्थित तालाब में गंदा पानी छोड़े जाने से फैले प्रदूषण के कारण बड़ी संख्या में मछलियां मृत पाई गईं। मामले की खबर अखबारों और सोशल मीडिया पर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद ने गोमती नदी का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आबादी के बीच स्थित तालाबों में गड्ढे खोदकर तैरते हुए फूलों की खेती कराई जाए। इससे तालाब का पानी साफ रहेगा और साथ ही राजस्व व आय का अतिरिक्त स्रोत भी विकसित होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पट्टा धारकों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे मछली पालन के दौरान बीमारियों और आपदा से बचाव के प्रति जागरूक रह सकें।निरीक्षण के दौरान पहुंचे एडीएम लखनऊ आर.बी. सिंह ने पट्टा धारक रूपन से जानकारी ली। रूपन ने बताया कि मृत मछलियों को पहले गोमती नदी के किनारे फेंक दिया था, लेकिन मामला चर्चा में आने के बाद गड्ढा खोदकर उन्हें दफना दिया गया। उसने बताया कि तालाब का 10 वर्ष का पट्टा है, जिसमें से 4 वर्ष बीत चुके हैं। उसने यह भी बताया कि मछलियों को बचाने के लिए तालाब में दवा डाली गई थी, लेकिन दवा कारगर साबित नहीं हुई और मछलियां मर गईं।मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप शुक्ला ने बताया कि तालाब में आबादी का गंदा पानी आने और लगातार दो-तीन दिन मौसम बदली रहने के कारण पानी में ऑक्सीजन का स्तर कम हो गया, जिससे मछलियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तालाब के पानी की जांच कराई जाएगी।उन्होंने यह भी बताया कि पट्टा धारकों के लिए प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि बीमा योजना संचालित है, जिसमें 100 प्रतिशत प्रीमियम जमा करने पर आर्थिक क्षति होने की स्थिति में 40 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति सरकार द्वारा दी जाती है। बीमा कराकर पट्टा धारक आर्थिक नुकसान से बच सकते हैं।इस अवसर पर एसडीएम बख्शी का तालाब साहिल कुमार, नायब तहसीलदार आकाश पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जी डी शुक्ला बने भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महानगर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी द्वारा लखनऊ महानगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रति लगन एवं निष्ठा को देखते हुए तीन बार पूर्व पार्षद, पूर्व मंडल अध्यक्ष, पूर्व क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व विधानसभा चुनाव प्रभारी मटेरा बहराइच रहे जी डी शुक्ला को भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। भारतीय जनता पार्टी आपसे अपेक्षा करती है कि आप भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे एवं भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत करने में सहयोग प्रदान करेंगे। जी डी शुक्ला भारती जनता पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम में जीडी शुक्ला द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक दिशा निर्देश को जी डी शुक्ला द्वारा बड़ी गंभीरता से पालन किया जाता है। एस.आई.आर.अभियान में जी डी शुक्ला ने प्राथमिकता से प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर एवं प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से व्यक्तिगत मिलकर प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पहुंचकर प्रत्येक शक्ति केंद्र से व्यक्तिगत मिलकर जी डी शुक्ला द्वारा एस.आई.आर. अभियान को सकुशल संपन्न करवाया गया। जी डी शुक्ला उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा के पद चिन्हो पर चल रहे हैं।

## नाबालिग छात्रा का अपहरण, बाइक सवार युवक पर आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र के गोमती नगर विस्तार इलाके में एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी नाबालिग बेटी रविवार दोपहर करीब तीन बजे घर से कुछ दूरी पर खेल रही थी। तभी बाइक सवार युवक वहां पहुंचा और उसे जबरन अपने साथ ले गया। बेटी के विरोध करने पर आरोपी ने धमकाकर उसे बाइक पर बैठा लिया और फरार हो गया। परिजनों ने आरोपी के ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आरोपी ने मोबाइल भी बंद कर लिया है । मामले में आरोपी के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने भी टालमटोल किया। पुलिस के मुताबिक, तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने जल्द से जल्द बेटी को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

## भाजपा में राजकुमार वर्मा बने जिला उपाध्यक्ष, सम्मान समारोह



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी की नई जिला कार्यकारिणी में राजकुमार वर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को गंगागंज स्थित किसान सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी परिसर में पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार के नेतृत्व में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां राजकुमार वर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों की अच्छी खासी मौजूदगी रही। राजकुमार वर्मा पूर्व में जिला मंत्री रह चुके हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी नागेश कुमार, ग्राम प्रधान बृजेश वर्मा, विकास पटेल, जेपी पटेल, नीरज पटेल और अभिनव पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में आम जनता महंगाई से हुई बेहाल : रोमेश

**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के नेता रोमेश कुमार गौतम ने कहा की जनता भाजपा राज्य की गलत नीतियों को शिकार होने से तबाह होती जा रही है। बेरोजगारी और आर्थिक व्यवस्था की मार से मध्यवर्ग के लोग बुरी तरह पीड़ित हैं। छोटे व्यापारियों को कोई मदद ना मिलने से उनका कारोबार ठप होता जा रहा है। डीजल पेट्रोल रसोई गैस कड़वा तेल आदि की बढ़ती महंगाई से जन सामान्य के साथ किसानों को भी चोट पहुंच रही है पेट्रोल डीजल के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जून माह में ही पेट्रोल और डीजल के दाम बेतहाशा बढ़ गए क्रूड आयल के दामों में उतार-चढ़ाव के आधार पर तेल कंपनियां बाजार के दाम तय करती हैं पर आश्चर्यजनक यह है। कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने पर भी भारत में दाम काटते नहीं इसमें एक बड़ा कारण भाजपा सरकार द्वारा भारी टैक्स लगाना भी बताया जाता है पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी से किसान सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहा है कृषि के अधिकांश कार्य डीजल पेट्रोल से चलते हैं सब्जी की फसल खेत धान बगीचे पेड़ों में भी किसान पानी नहीं लगा पा रहे हैं किसान की आमदनी का कोई रास्ता नहीं निकल रहा है।

## एकेटीयू में लगा स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मेदांता अस्पताल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराया। शिविर में चिकित्सकीय टीम ने रक्तचाप, शुगर, हड्डी की जांच, आंखों की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किये। शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराया। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को नियमित जीवनशैली, स्वस्थ एवं पोषक आहार लेने का परामर्श भी दिया।

राजकीय बाल ग्रह में बच्चियों की प्रतिभा का किया गया सम्मान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय की धर्मपत्नी सरोज पाण्डेय ने राजकीय बाल ग्रह(बालिका) सिंधी खेड़ा, पारा में बच्चियों के साथ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने गृह में बच्चियों के बीच आयोजित, भाषण, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता बच्चियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही नवरात्र के अवसर पर उनका पूजन कर प्रसाद ग्रहण कराया।

## भक्ति के माध्यम से प्रभु को प्रसन्न किया जा सकता है

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी के सरसवां गांव में चल रही भागवत कथा के दौरान व्यास जी ने श्रोताओं को बताया कि प्रभु को भक्ति कब माध्यम से ही प्रसन्न किया जा सकता है। आपकी भक्ति की छमता और प्रभु के प्रति आस्था और लगन ही उन्हें प्रसन्न करने का मार्ग तय करेगा। प्रभु के दरबार मे घंटी बजाने और अगरबत्ती लगाने से प्रभु सिर्फ प्रसन्न नही हो सकते है। आपकी उनके प्रति आस्था विश्वास और समर्पण कितना है और उनके प्रति आपकी भक्ति प्रभु से मिलन का मार्ग प्रसस्त करता है।

# ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में मेधावियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भरत नगर स्थित ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की उपलब्धियों ने अभिभावकों और शिक्षकों का मन गर्व से भर दिया। नर्सरी वर्ग में यशिका, वैष्णवी, ऋतिक व अद्विका ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि देवांश, कृष मिश्रा व आराध्या 98.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। केजी फर्स्ट में वर्तिका, विभु व मानवी ने 99.2 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया, वहीं अर्णव, आरव, वृदा व प्रत्यूष 97.75 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। केजी सेकेंड के दिव्यांशी राज, जान्हवी गौर व जान्हवी मिश्रा ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं आराध्या तिवारी, मानस, सराह व सूर्यांश ने 98.75 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 में राधा पांडे, रिदा, यशी व अमंद्र ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अनिकेत, हीरा, आरव वर्मा व अनुष्का शर्मा 97.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 2 में इशिता व अल्तमश ने 95.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान पाया, वहीं अर्पित व अमन 91 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कक्षा 3 में कृतिका (96.8%) प्रथम व अनन्या मिश्रा (94%) द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 4 में इनाया हसन (97.5%) प्रथम तथा आराध्य पांडे (94.91%) द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 में आगम बाजपेई (93%) प्रथम, जबकि आराध्या व खुशी (92%) द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 6 में श्रेया वर्मा (94%) ने पहला व राधा गुप्ता (92%) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 में अरघा सिंह (96.86%) प्रथम व महक तिवारी (90%) द्वितीय रहीं। कक्षा 8 में मो. रेहान (80.92%) प्रथम तथा पूजा (79.5%) द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9 में माही (92.83%) प्रथम व आयुषी मौर्या (89.83%) द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बताया कि विद्यालय में जल्द ही ताइक्वांडो और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कक्षाएं भी प्रारंभ की जाएंगी। कार्यक्रम में अध्यापिका प्रिया सिंह, श्रुति सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की विचारधारा व कार्ययोजना से कराया परिचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की अध्यक्षता में कैसरबाग कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की चल रही मंडल कार्यशालाओं पर विस्तृत कार्य योजना बनाई।अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मंडल स्तरीय पर कार्यशाला का आयोजन सात सत्रों में आयोजित किया जा रहा हैं ये महाअभियान 13 अप्रैल तक आयोजित किया जाए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के सिद्धांतों से अवगत कराना हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को लखनऊ महानगर की विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारी के साथ लगाया गया हैं।बैठक में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष कुमकुम राजपूत, योगेंद्र पटेल, सीता नेगी, विनायक पाण्डेय, मानवेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला दीपू, जी.डी. शुक्ला, महानगर मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी, सचिन वैश्य, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू, महानगर कोषाध्यक्ष मनोज के. गुप्ता, महानगर कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपेयी , महानगर संयोजक सोशल मीडिया टी.आर. जोशी, महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया मणिकांत शुक्ला, महानगर संयोजक आई.टी. विभाग उत्तम प्रकाश मिश्रा, महानगर सह संयोजक आई.टी. विभाग संतोष सिंह, सतीश अडवानी उपस्थित रहे।

# मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा सीएमई सह कार्यशाला का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा मंगलवार को ब्लू प्रिंटिंग : इन्हेंसिंग क्वालिटी ऑफ असेसमेंट इन मेडिकल एजुकेशन विषय पर सीएमई सह कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. सी. एम. सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों की क्षमता का विकास करना था, ताकि वे योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा के सिद्धांतों के अनुरूप शिक्षण उद्देश्यों को उपयुक्त मूल्यांकन विधियों के साथ संरेखित कर सकें। इसके लिए ब्लूप्रिंटिंग की संरचित प्रक्रिया पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत इंटरैक्टिव सत्र, विचार-विमर्श तथा हैंड्स-ऑन समूह गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनसे प्रतिभागियों को मूल्यांकन रूपरेखा में ब्लूप्रिंटिंग के व्यावहारिक अनुप्रयोग की गहन समझ प्राप्त हुई। इस सीएमई सह कार्यशाला का आयोजन डॉ. विभा गंगवार द्वारा डॉ. ज्योत्स्ना अग्रवाल के अध्यक्षता में किया गया।

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र उज्जरियों में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जन में क्षय रोग(टीबी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके रोकथाम एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करना था। आयोजन का समग्र मार्गदर्शन डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सी. एम. सिंह द्वारा किया गया। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग से डॉ. पुलकित गुप्ता द्वारा टीबी की दवाओं, उपचार पद्धति तथा रोकथाम के उपायों पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को रोग की सही जानकारी प्राप्त हुई।

## रात के अंधेरे में चोरो ने काट कर गिरा दिया शीशम का पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बस्तियां में बीती रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोरी से शीशम के पेड़ को काट कर धराशाई कर दिया गया। सुबह कटा हुआ पेड़ मौके पर पाया गया।

गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बस्तिया निवासी अरून कुमार की ओर से इस बात शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई है। शिकायत कर्ता के अनुसार उसके खेत में एक शीशम का पेड़ लगा हुआ था। उसे 2 मार्च की रात को उसी के गांव में रहने वाले श्याम जी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी से काट कर गिरा दिया। शिकायत कर्ता ने बताया कि पेड़ काटे जाने की जानकारी उसे 3 मार्च को हुई । उसने 112 नम्बर डायल करके पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोटो खींचा और चली गयी। शिकायत कर्ता के अनुसार आरोपी श्याम जी और सुरेश ने स्वयं स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथियों करिया उर्फ हिंमाशु ,ललिया उर्फ प्रशान्त सिह ,, जोशी उर्फ शौरभ, आदि के साथ मिलकर पेड़ काटा, जिसकी वीडियो रिर्कोडिंग भी मौजूद है। पीड़ित के अनुसार ने लिखित तहरीर दी लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नही किया।

**एमएसएमई मंत्री के सुझाव से पारंपरिक मॉडल से सोलर-आधारित तकनीक तक पहुंचा अभिनव प्रोजेक्ट**

# सौर नवाचार को मिली नई उड़ान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान के मार्गदर्शन में एक युवा नवाचार ने नई दिशा प्राप्त की है, जिसने न केवल तकनीक और रचनात्मकता को जोड़ा है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा दिया है। जीएल बजाज संस्थान के बीटेक मैकेनिकल छात्र देव मंथन ने विकसित भारत का पहला सोलर आधारित और रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फोटो फ्रेम आज नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभर रहा है।

यह फ्रेम अपनी संरचना और कार्यप्रणाली के कारण बेहद खास है। सामान्य स्थिति में यह बिल्कुल साधारण दिखाई देता है, लेकिन जैसे ही इसके पीछे प्रकाश डाला जाता है, इसमें छिपा हुआ चित्र, डिजाइन या संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है। हिडेन इन प्लेन साइट की अवधारणा पर आधारित यह

❑ जीएल बजाज के छात्र देव मंथन का 'सोलर रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फ्रेम' बना आत्मनिर्भर भारत की मिसाल

प्रयोग तकनीकी दृष्टि से जितना रोचक है, उतना ही व्यावहारिक भी।

इस नवाचार की दिशा उस समय बदली जब देव मंथन की मुलाकात एमएसएमई मंत्री राकेश सचान से हुई। प्रारंभिक रूप से यह फ्रेम पारंपरिक बिजली आधारित बैकलाइट पर निर्भर था, जिससे इसकी उपयोगिता सीमित हो जाती थी। मंत्री सचान ने इस प्रोजेक्ट का अवलोकन करते हुए इसे सोलर ऊर्जा से जोड़ने का सुझाव दिया।

यह सुझाव इस प्रोजेक्ट के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मंत्री का मानना था कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल भी होना चाहिए। उनके इसी दृष्टिकोण ने एक साधारण प्रोटोटाइप को उन्नत और व्यवहारिक उत्पाद में बदलने की राह



दिखाई। मंत्री सचान के सुझाव के बाद देव मंथन ने अपने मेंटर विश्वास गुप्ता के साथ मिलकर इस दिशा में काम शुरू किया। करीब 15-20 दिनों तक लगातार प्रयोग, असफलताओं और सुधारों के बाद उन्होंने एक ऐसा फ्रेम विकसित किया, जो सोलर पैनल के माध्यम से चार्ज होता है और पूरी तरह वायरलेस तरीके से काम करता है। अब यह फ्रेम कहीं भी आसानी से लगाया जा सकता है, चाहे घर के अंदर हो या बाहर। यह न केवल बिजली की बचत करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। इस पूरे प्रोजेक्ट में एमएसएमई विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में विभाग लगातार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रहा है। एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को न केवल मार्गदर्शन मिलता है, बल्कि उन्हें अपने विचारों को उत्पाद में बदलने के लिए संसाधन और प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहल ल्लमेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम कर रही है। देव मंथन अब इस प्रोजेक्ट को एक स्टार्टअप के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ल्ल दि लोवरी स्पार्क स्टूडियो के माध्यम से वह इस उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने की योजना बना रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें शुरुआती ऑर्डर भी मिलने लगे हैं, जो इस उत्पाद की उपयोगिता और आकर्षण को दर्शाता है। उनका लक्ष्य केवल एक उत्पाद बनाना नहीं, बल्कि एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। यह पहल स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दे सकती है।

# 'कागजी विकास' का खेल! पंचायत में खर्च दिखा, काम नदारद

❒ लाखों खर्च के बाद भी नहीं सुधरे हालात
❒ हैंडपंप मरम्मत में बड़ा खेल! 2.59 लाख खर्च, पानी फिर भी गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बारेपारा में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर बड़ा खेल सामने आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,59,397 रुपये खर्च दिखाए गए, लेकिन गांव में हालात जस के तस बने हुए हैं।

जबकि कागजों में सब कुछ दुरुस्त दिखाया गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर ये पैसा किन कामों में लगाया गया?, ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधा-सीधा सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

## ह्यूम पाइप घोटाला: खरीद और स्थापना दोनों पर सवाल

ह्यूम पाइप के नाम पर भी गड़बड़ी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। पंचायत में 52,392 रुपये पाइप खरीद और 5,220 रुपये स्थापना के नाम पर खर्च दिखाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि या तो पाइप लगाए ही नहीं गए, या फिर काम इतना घटिया हुआ कि उसका कोई फायदा नहीं दिख रहा। मौके पर स्थिति और कागजों के आंकड़ों में भारी अंतर होने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि जांच कराई जाए तो इस मामले में भी बड़ी अनियमितता उजागर हो सकती है।

## कागजों में विकास, जमीन पर सन्नाटा! पंचायत पर गंभीर आरोप

## डीएम के आदेशों को ठेंगा, नीचे स्तर पर खुला खेल

एक ओर जिलाधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार पर सख्त रुख अपनाने और पारदर्शिता के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मछरेहटा की बारेपारा ग्राम पंचायत में इन आदेशों को खुली चुनौती दी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत स्तर के लोग मिलकर सरकारी धन के दुरुपयोग में लगे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर प्रशासन के आदेशों का पालन कौन कराएगा? यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर सकता है।

## जांच की मांग तेज, ग्रामीणों में आक्रोश

लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सही तरीके से जांच हो जाए, तो लाखों रुपये के घोटाले का खुलासा हो सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

बारेपारा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में ल्लकागजी विकासङ्क दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।

चाहे हैंडपंप मरम्मत का मामला हो या ह्यूम पाइप का, हर जगह काम कम और कागजी खानापूर्ति ज्यादा नजर आ रही है। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि मौके की जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

# मिश्रिख लॉयर्स की कार्यकारिणी घोषित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। आज तहसील मिश्रिख में अधिवक्ताओं के मध्य वार्षिक चुनाव के पर्चा जांच और वापसी का अंतिम दिन थासभी पदों पर प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच एवं नामांकन वापसी के उपरांत प्रत्येक पद के सापेक्ष एक एक नामांकन होने के कारण निर्वाचन अधिकारी सौरभ सक्सेना एडवोकेट द्वारा मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की वार्षिक कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गईकार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर बृजलाल,महासचिव पद पर सुधीर शुक्ल राना,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान,कोषाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार त्रिपाठी,गौरव वाजपई,भास्कर पांडेय, संयुक्त सचिव प्रशासनिक ठाकुर प्रसाद,संयुक्त सचिव प्रकाशन रजनीश कुमार,संयुक्त सचिव लाइब्रेरी प्रेम प्रकाश राजवंशी,वरिष्ठ कार्यकारिणी पदो पर पुष्पेंद्र गुप्ता,सुनील प्रताप सिंह,अभिषेक कुमार विमल, कमलेश कुमार मधुकर, जलालुद्दीन, अमीर अहमद तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी पदो पर अजय पांडेय, विमलेंद्र कुमार त्रिपाठी,प्रशांत त्रिपाठी, आनंद यादव, इमरान अहमद, सचिन अवस्थी आदि अधिवक्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए चुनाव अधिकारी द्वारा सभी को औपचारिक रूप से पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के नव निर्मित फीता काटकर किया उद्घाटन

❒ नव निर्मित भवन निर्माण से अधिवक्ताओं में उत्साह।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवा, सीतापुर। बिसवां नगर में बार एसोसिएशन के नव निर्मित भवन का उद्घाटन समारोह बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं विधायक बिसवां निर्मल वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने की,कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आर.एन.सिंह द्वारा किया गया।मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा स्वागत गीत भी गाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश राजेश वर्मा, विधायक बिसवा निर्मल वर्मा अतिथियों ने बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के नए भवन का फ़ीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि राजेश वर्मा ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन न्यायिक कार्यों को और अधिक व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के अधिवक्ताओं को भवन की आवश्यकता थी, अधिवक्ताओं की भवन की समस्याओं को दूर करने के लिए भवन निर्माण कार्य कराया है।उन्होंने कहा कि भविष्य में अधिवक्ताओं जो भी आवश्यकता होगी उसको हर संभव पूरा करने का प्रयास करूंगा।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला,पुलिस उपाधीक्षक बिसवा अमन सिंह अमन सिंह,तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी,नायब तहसीलदार विनोद शर्मा ने बिसवा बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नव निर्मित भवन के लिए शुभकामना दी।इस अवसर पर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता,राज किशोर यादव, अशोक वर्मा,पुत्ती लाल वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव, कैलाश नाथ श्रीवास्तव, नीरज कुमार श्रीवास्तव,इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, अनमोल मौर्या, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राजेश वर्मा,प्रमोद यादव, विपिन यादव, नावेद सिद्दीकी,जितेन्द्र मिश्रा, अरुण श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, रेनू राजपूत, अश्वनी त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर, प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप



नैमिषारण्य, सीतापुर। नैमिषारण्य के ठाकुर नगर में मानक विहीन प्लाटिंग पर चला तहसील प्रशासन का बुलडोजर मंगलवार को तहसील प्रशासन का बुलडोजर गरजा। यह कार्यवाही तहसीलदार मिश्रिख अजीत जायसवाल के नेतृत्व में की गई। बीते काफी दिनों से राजस्व विभाग को नैमिषारण्य में बिना नक्शा और लेआउट पास कराए जमीन की बिक्री की जा रही थी , जिसकी शिकायत पर मंगलवार को तहसील प्रशासन की टीम बुलडोजर सहित मौके पर पहुंची और वहां स्थित अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कराया। साथ ही प्लॉटिंग करने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी भी दी कि बिना नक्शा एवं लेआउट पास कराए बिना कोई भूमि बिक्री न करें अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार अजीत जायसवाल, नायब तहसीलदार अजय कुमार, लेखपाल एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस का शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने के विरोध में प्रदर्शन

❒ नारेबाजी, दिया ज्ञापन-जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नगर निगम परिसर में शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया।

इस दौरान रजनीश गुप्ता ने कहा कि शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह काकोरी कांड के प्रमुख नायक रहे हैं। जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इनकी प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। यह जनभावनाओं का सीधा अपमान है। कहा कि उक्त प्रतिमाओं को हटाने, स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव नगर निगम की विधिवत बोर्ड बैठक में प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही निर्णय किया गया कि प्रतिमाओं को किस प्रकार सुरक्षित ढंग से हटाया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि 24 घंटे के भीतर सभी शहीदों की प्रतिमाओं को यथास्थान पर पुनः स्थापित किया जाए। इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराकर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों आदि के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रतिमाओं को हटाने, तोड़ने के आदेश, अनुमति एवं पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया को सार्वजनिक किया जाए और यह भी स्पष्ट किया जाए कि बोर्ड बैठक में इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया था। इसके अलावा भविष्य में ऐसे ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व के स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस घटना के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के अंदर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई, तो जिला कांग्रेस कमेटी व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन फुरकान अहमद कुरैशी, जनपद हरदोई कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अभय प्रताप सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, बीएन सिंह एडवोकेट, रामजी अवस्थी, अर्चना कटारिया, रफी उल हसन, सईद अंसारी, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, पार्षद तालिब खान, रामखिलावन मिश्रा सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ने के विरोध में फूंका पुतला

❒ नगर निगम के दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त व रासुका की कार्रवाई करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। नगर निगम में कई वर्षों से स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं को बुलडोजर से तोड़ने के विरोध में हनुमान आराधना सेवा समिति के संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट गेट पर पुतला फूंका गया और जमकर नारेबाजी की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि 23 मार्च की रात ठेकेदार तथा नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से नगर निगम के प्रांगण में लगी देश के लिए कुर्बानी देने वाले जनपद के शहीदों की प्रतिमाओं का जिस तरह से अनादर किया गया। शहीद दिवस के मौके पर जेसीबी चलाकर उनकी प्रतिमाओं को तोड़ा गया। यह हमारे शहीदों का अपमान नहीं, बल्कि सम्पूर्ण देश का अपमान है। कहा गया कि उक्त मामले की उच्चस्तरीय कमेटी से जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह रासुका आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। साथ ही दोषी सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया जाए। चेतावनी दी गई कि अगर शहीदों की प्रतिमाओं को तोड़ने वाले दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो राष्ट्रभक्त समाज को लेकर सम्पूर्ण जिलें में आन्दोलन किया जाएगा। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष गोविन्द मिश्रा, राजेन्द्र पटवा, केतन गुप्ता, अशित पाठक, अभय सिंह, अरूणेन्द्र बाजपेई, बेंचेलाल कश्यप, दिनेश, दुर्गेश पाल, रवि वर्मा, अवधेश सक्सेना, जितेन्द्र, रमेश वर्मा, सूरज आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ईसानगर में शहीद दिवस पर उमड़ा जनसैलाब वीर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ईसानगर खीरी। शहीद दिवस के अवसर पर ईसानगर स्थित राजा साहब कोठी में अमर बलिदानी स्मृति दिवस का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति का जज्बा चरम पर देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिंदा शहीद एम.एस. बिट्टा (पूर्व कैबिनेट मंत्री, अध्यक्ष अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश की आज़ादी और सुरक्षा शहीदों के बलिदान का परिणाम है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर रवि प्रताप सिंह एवं कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद अंशुमान सिंह के पिता की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावुक बना दिया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान केवल उनके परिवार का नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव है।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचारक प्रमुख मनोज कांत ने सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर ही सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, तक्षशिला परियोजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल तिवारी (एडवोकेट), हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह-संयोजक असीम विक्रम सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल आयोजन शुभम मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिनके प्रयासों से यह आयोजन भव्य और अनुकरणीय बना। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति गीतों, नारों और शहीदों के सम्मान में गूंजते जयघोषों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

## अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना पुवायां पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी के अपहरण, उसके साथ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।बीती 23 फरवरी को थाना पुवायां क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को काई अज्ञात बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी की तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद किया और पीड़िता के बयानों और उसके मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में वृद्धि की। पीड़िता के बयानों में थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव मनिहार दहेना निवासी निखिल पुत्र हरिश्चन्द्र का नाम प्रकाश में आया। आज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिनी कि नाबालिग किशोरी को भगाकर ले जाने वाला अभियुक्त निखिल मोहम्मदी बाईपास पुल के नीचे खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है, अगर जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अभियुक्त निखिल को गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त निखिल को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के एसआई करतार सिंह के साथ हेड कांस्टेवल धीरज कुमार मौजूद रहे।

## डीएम ने क्षय रोग दिवस पर ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व क्षय रोग दिवस पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में टीबी मुक्त पंचायतों के ग्राम प्रधानों को महात्मा गांधी की मूर्ति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने बताया कि इस बार जनपद में कुल 87 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुई। जिसमें जो पंचायतें लगातार 03 साल, 02 साल और 01 साल से टीबी मुक्त क्राइटेरिया को फालो कर रही हैं। उन प्रधानों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रान्ज पॉलिस के गांधी की मूर्ति व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। ताकि वो यथा स्थिति लगातार बनाए रखें और अगले वर्ष गोल्ड के लिये प्रयास करें। कहा कि टीबी का इलाज सम्भव है। सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में 15 दिन से अधिक समय से खांसी आने वाले लोगों को बलगम परीक्षण के लिए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजें। कहा कि क्षय रोग होने पर छिपाए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। टीबी होने पर नियमित दवाओं का सेवन करने पर ठीक हो जाती है। सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर बलगम एवं एक्सरे की जांच तथा टीबी रोगियों का इलाज नि:शुल्क है। कहा कि लगभग सभी ग्राम प्रधान निक्षय मित्र के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनको अपने क्षेत्र में टीबी से ग्रसित रोगियों को हर माह पोषण पोटली देनी चाहिए। इस अवसर पर सिद्धार्थ गुप्ता, सुभाष खन्ना, मोहित कुमार वर्मा, अनिल गिहार, नरेन्द्र मिश्रा, रोहित कुमार मिश्रा, आरती सिंह, अतुल मिश्रा आदि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल, सलोन में धूमधाम से मनाया गया ग्रैंड एनुअल फंक्शन

**रायबरेली,, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल, सलोन में आज ग्रैंड एनुअल फंक्शन बड़े ही उत्साह, भव्यता और सांस्कृतिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक, फैंसी ड्रेस और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी छुपी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने सभी उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इरफान सिद्दीकी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा,ल्लआज के इस भव्य समारोह में बच्चों की इन उज्ज्वल प्रस्तुतियों को देखकर मन प्रसन्न हो गया। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का निर्माण करती है। न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। मैं सभी छात्रों से अपील करता हूँ कि वे मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी से आगे बढ़ें, ताकि वे देश के सच्चे नागरिक बनकर राष्ट्र का गौरव बढ़ा सकें।ङ्कविशेष अतिथियों के रूप में श्री इसरार हैदर रानू पूर्व सभासद, मो. साहिल, राजेंद्र सिंह यादव, एडवोकेट गौरव श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव और मो. हनीफ अंसारी जी ने शिरकत की तथा छात्रों को प्रेरित किया।स्कूल के मैनेजर एडवोकेट शिवेंद्र श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा,यह एनुअल फंक्शन हमारे स्कूल परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारवान, सृजनशील और आत्मनिर्भर बनाना है। आज बच्चों की प्रस्तुतियों ने साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से हर बच्चा अपनी प्रतिभा को निखार सकता है।

# बस-कार हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के लिए सार्वजनिक सूचना जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मजिस्ट्रियल जाँच हेतु 27 मार्च को उपलब्ध कराए साक्ष्य/अभिकथन

लखीमपुर-खीरी। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर द्वारा एक बस-कार दुर्घटना के मामले में मजिस्ट्रियल जांच हेतु सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। यह दुर्घटना 28 सितंबर 2025 को सुबह 6 बजे हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत गोला डिपो की बस यूपी 31 टी-8792 और एक कार ओमनी वैन संख्या यूपी-32जेएस 4961 के बीच ओयल नहर मोड़ पर हुई थी, जिसमें सुनील कुमार पुत्र सीताराम निवासी पिपरिया सदर खीरी, सरफराज पुत्र सलमान निवासी नौरंगाबाद व एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम पता अज्ञात है, की मृत्यु हो गई।

इस दुर्घटना में सर्वेश पुत्र जगदम्मा निवासी रामलालपुरवा ईसानगर, दिलखुश पुत्र लालबाबू, निशा पत्नी सलमान, सलमान पुत्र महमूद अली, शारदा प्रसाद पुत्र अज्ञात, संजय पुत्र मायाराम, भोला पुत्र रंगीलाल घायल हुए थे।प्रशासन द्वारा मृत/घायलों के लिये उप्र कराधान नियमावली - 1998 के अन्तर्गत राहत प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नगत प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच कराई जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर जांच अधिकारी नामित किए गए हैं, जो मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।पूर्व में 27 फरवरी 2026 को जांच हेतु तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन उस दिन कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ और न ही संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराए गए। अब पुनः 27 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कार्यालय उप जिला मजिस्ट्रेट सदर कलेक्ट्रेट, लखीमपुर-खीरी में जांच के लिए तिथि तय की गई है। प्रशासन ने अपील की है कि दुर्घटना से संबंधित सभी व्यक्ति, प्रत्यक्षदर्शी, मृतकों के परिजन एवं घायल व्यक्ति निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपना साक्ष्य एवं अभिकथन प्रस्तुत करें, ताकि जांच प्रक्रिया को पूर्ण कर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# नवागत इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने पढ़ुआ थाने की संभाली कमान

❒ अराजकतत्वों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाना ही प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पढ़ुआ-खीरी। सदर कोतवाली से स्थानांतरित होकर आए इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने पढ़ुआ थाने का कार्यभार संभाल लिया है। तत्पश्चात नवागत इंस्पेक्टर शर्मा ने पुलिस स्टाफ के साथ थाना भवन के कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा किया।

पदभार संभालने के पश्चात इंस्पेक्टर शर्मा ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। और पीड़ितों को न्याय मिलेगा। इंस्पेक्टर शर्मा ने पत्रकार साथियों के साथ बैठक कर बताया अराजकता फैलाने वालों पर तत्काल त्वरित कार्रवाई किया जाए। दोषियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा इंस्पेक्टर शर्मा ने बताया यदि किसी प्रकार की घटना घटित होती हैं। तो तत्काल पुलिस को अवगत कराए इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा के आने से पढ़ुआ थाना क्षेत्र में खुशी की लहर देखी गई पत्रकार साथियों ने इंस्पेक्टर शर्मा को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही भाईचारा बनाए रखने की अपील की नवागत इंस्पेक्टर ने बताया गरीबों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। समस्त पत्रकार साथियों से बातचीत करते हुए बताया। में हर संभव मदद करूंगा आप सभी लोग हमेशा एकता और भाईचार से रहे।उपस्थित पत्रकार बंधु मजीद अहमद शेखर टाइम्स, शंकर चक्रवर्ती दैनिक जागरण,विजय जायसवाल दैनिक शेखर टाइम्स , एम अहमद सिद्दीकी सी टी वी इंडिया न्यूज कमर अहमद हिंदुस्तान,एवं समस्त पत्रकार बंधु मीटिंग में मौजूद रहे ।

# केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा के प्रयास लाया रंग

❒ दिल्ली सीधी रेल सेवा को दिखायी गयी हरी झंडी

❒ बदायूं से दिल्ली के मध्य सीधी रेल सेवा को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया ह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बी.एल. वर्मा के प्रयासों से बदायूं को मिली दिल्ली की सीधी कनेक्टिविटी बी.एल. वर्मा की पहल से बदायूं सीधे जुड़ा दिल्ली से, शीघ्र ही दौड़ेगी ट्रेन केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने बदायूं जनपद के लिए एक बड़ी सौगात की जानकारी देते हुए बताया कि बदायूं से दिल्ली के मध्य सीधी रेल सेवा को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है।

इस संबंध में केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से हुई भेंट के दौरान सकारात्मक सहमति बनी। उन्होंने कहा गाड़ी संख्या 14315/14316 बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस का विस्तार बदायूं होते हुए कासगंज तक किए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके साथ ही बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिसका संचालन अति शीघ्र से प्रारंभ होने की जा रही है। उन्होंने कहा यह निर्णय बदायूं एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे यात्रियों को सीधा एवं सुगम आवागमन उपलब्ध होगा, साथ ही व्यापार, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों को भी नई गति मिलेगी। यह लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रवासियों की मांग की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है।

# उझानी पुलिस को दी गई आरोपी अजय एनकाउंटर मामले की विवेचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सैजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह व पुलिस टीम के बीच बीते 13 मार्च को हुए एनकाउंटर मामले की विवेचना अब उझानी इंस्पेक्टर करेंगे, जबकि इस हत्याकांड की मुख्य विवेचना मूसाझाग कोतवाल के पास ही रहेगी।

12 मार्च को प्लांट के अंदर दो अफसरों की हत्या के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी अजय प्रताप सिंह को पुलिस जब 13 मार्च की भोर असलहा बरामद करने के लिए जंगल में लेकर गई तो वहां उसने मौका देखकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया था। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी थी। इसके साथ ही एक सिपाही भी घायल हुआ था। इस मामले की रिपोर्ट मूसाझाग इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर ने दर्ज कराई थी। अब इस घटना की जांच उझानी कोतवाल प्रवीण कुमार को दी गई है। उझानी कोतवाल ने बताया कि उनके स्तर से पूरे मामले की जांच की जा रही है।एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या के मामले को पुलिस अब तक करीब पांच सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सैजनी गांव से लेकर दातागंज होते हुए बदायूं शहर व आसपास इलाके में लगे सौ से अधिक सीसी कैमरों के फुटेज भी पुलिस खंगाल चुकी है। इससे भी पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है।इस वारदात के बारे में जो भी जानकारी दे रहा है पुलिस उससे संपर्क कर रही है। आरोपी के परिजनों से लेकर अन्य सभी पहलुओं की जांच पुलिस कर रही है। आसपास के गांव के लोगों से भी पुलिस संपर्क कर आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके ताऊ राकेश सिंह की हरकतों के बारे में पता लगा रही है। इन लोगों ने अपना अवैध साम्राज्य किस तरह कायम कर रखा था, उसमें किसका संरक्षण था, इन सभी बातों की जानकारी की जा रही है। प्लांट में इनकी दखलअंदाजी किस हद तक थी यह सब पता किया जा रहा है। इसके साथ ही आरोपियों के मोबाइल फोन कॉल डिटेल खंगालने के साथ यह पता किया जा रहा है कि इनके संपर्क किन-किन लोगों से रहे हैं। पुलिस जांच में कई बड़े खुलासे सामने आने की उम्मीद है। इस घटना के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के अलावा उसके ताऊ राकेश सिंह, भाई व तहेरे भाइयों की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। लेकिन वारदात के बाद से ही ये सभी आरोपी घर बंद कर भागे हुए हैं। अब इनकी तलाश में पुलिस की पांच टीमें बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखनऊ, दिल्ली तक दबिश दे रही है। इन लोगों के जो भी संभावित ठिकाने पुलिस को पता लग रहे हैं, वहां पुलिस पहुंच रही है। इन सभी के मोबाइल कॉल डिटेल भी पुलिस खंगाल रही है। साथ ही इनके रिश्तेदारों व अन्य ऐसे लोग जहां इन लोगों ने शरण ली है उनके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। यह भी चर्चा है कि दो लोग नेपाल भाग निकले है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस बात से इन्कार कर रहे है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया पुलिस की टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही सफलता मिलने की उम्मीद है।इस वारदात में जो भी अन्य आरोपी है उनके नाम भी जल्द ही केस में बढ़ने की उम्मीद है। पुलिस घटना से जुड़े सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों के नाम भी चिह्नित किए जा चुके हैं, जो इस मामले में शामिल रहे हैं। केस में भी इनके नाम जल्द ही बढ़ेंगे। साथ ही अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच हो रही है। सीओ सिटी ने बताया कि जल्द ही केस में आरोपियों के नाम शामिल किए जाएंगे। पुलिस की जांच जारी है।

# एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या का मामला,पांच सौ लोगों से पूछताछ, पुलिस ने खंगाले 100 सीसीटीवी कैमरे

❒ पुलिस आरोपी के परिजनों से लेकर अन्य सभी पहलुओं की जांच पुलिस कर रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मामले में जांच जारी है। पुलिस अब तक पांच सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। वहीं आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिजनों की तलाश में आसपास के जिलों में दबिश भी दे रही है।

सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की हत्या के मामले में पुलिस अब तक करीब पांच सौ लोगों से पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सैंजनी गांव से लेकर दातागंज होते हुए बदायूं शहर व आसपास इलाके में लगे सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी पुलिस खंगाल चुकी है। इससे भी पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। इस वारदात के बारे में जो भी जानकारी दे रहा है पुलिस उससे संपर्क कर रही है। आरोपी के परिजनों से लेकर अन्य सभी पहलुओं की जांच पुलिस कर रही है। आसपास के गांव के लोगों से भी पुलिस संपर्क कर आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके ताऊ राकेश सिंह की हरकतों के बारे में पता लगा रही है। इन लोगों ने अपना अवैध साम्राज्य किस तरह कायम कर रखा था, उसमें किसका संरक्षण था, इन सभी बातों की जानकारी की जा रही है। प्लांट में इनकी दखलअंदाजी किस हद तक थी यह सब पता किया जा रहा है। इसके साथ ही आरोपियों के मोबाइल फोन कॉल डिटेल खंगालने के साथ यह पता किया जा रहा है कि इनके संपर्क किन-किन लोगों से रहे हैं।

पुलिस जांच में कई बड़े खुलासे सामने आने की उम्मीद है। जल्द बढ़ेंगे आरोपियों के नाम, भूमिका की जांच जारीइस वारदात में जो भी अन्य आरोपी है उनके नाम भी जल्द ही केस में बढ़ने की उम्मीद है। पुलिस घटना से जुड़े सभी संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों के नाम भी चिह्नित किए जा चुके हैं, जो इस मामले में शामिल रहे हैं। केस में भी इनके नाम जल्द ही बढ़ेंगे। साथ ही अन्य आरोपियों की भूमिका भी जांच हो रही है। सीओ सिटी ने बताया कि जल्द ही केस में आरोपियों के नाम शामिल किए जाएंगे। पुलिस की जांच जारी है। वहीं इस घटना के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के अलावा उसके ताऊ राकेश सिंह, भाई व तहेरे भाइयों की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। लेकिन वारदात के बाद से ही ये सभी आरोपी घर बंद कर भागे हुए हैं।

अब इनकी तलाश में पुलिस की पांच टीमें बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखनऊ, दिल्ली तक दबिश दे रही है। इन लोगों के जो भी संभावित ठिकाने पुलिस को पता लग रहे हैं, वहां पुलिस पहुंच रही है। इन सभी के मोबाइल कॉल डिटेल भी पुलिस खंगाल रही है। साथ ही इनके रिश्तेदारों व अन्य ऐसे लोग जहां इन लोगों ने शरण ली है उनके बारे में भी पता लगाया जा रहा है। यह भी चर्चा है कि दो लोग नेपाल भाग निकले है। हालांकि पुलिस अधिकारी इस बात से इन्कार कर रहे है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया पुलिस की टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही सफलता मिलने की उम्मीद है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक

❒ सीएम युवा उद्यमी योजना को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गोवंश संरक्षण, अनुश्रवण मूल्यांकन, एवं समीक्षा एवं पशुपालन विभाग में अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। एफ एम डी टीकाकरण राउंड 7 की अपलोडिंग, ग्रामीण/ शहरी निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर चर्चा की तथा निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर निर्देशित किया। भूसा टैंडर, हरा चारा पर भी चर्चा की गयी।

इसके उपरांत सीएम युवा उद्यमी योजना को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें वजन माप, टेक होम राशन, हॉट कुक्ड मील, वीएचएसएनडी सत्र तथा पोषण पुनर्वास केंद्र चंदौसी में सैम बच्चों के पंजीकरण को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए आकांक्षात्मक विकासखंड फीडिंग पोर्टल को लेकर भी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया। सोशल सेक्टर के अन्तर्गत प्रोबेशन विभाग के अन्तर्गत कन्या सुमंगला योजना के लंबित आवेदनों को लेकर चर्चा की गई एवं तीन दिन में निस्तारण को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। विधवा पेंशन के लंबित आवेदन तथा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पेंशन के लंबित आवेदन तथा फैमिली आईडी जीरो पॉवर्टी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर भी चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह,जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उसैहत थाने में एक जेसीबी तीन बालू लदे ट्रैक्टर किए सीज, मचा हड़कंप




**बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उसैहत थाना क्षेत्र में अवैध रुप से हो रहे अवैध खनन माफियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैं। वहीं बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली खनन माफियों खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी और तीन बालू लदे ट्रैक्टरों को सीज कर दिया गया हैं। खान विभाग की टीम आते ही माफिया ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी छोड़कर मौके भाग गए टीम ने बालू लदी तीन ट्रैक्टर ट्राली एवं एक जेसीबी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया हैं।सूचना पर पहुंची खान विभाग की टीम ने अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन और तीन बालू से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर सीज कर थाने के सुपुर्द कर दिए यह अभियान क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाया गया था। गुलशन कुमार खान अधिकारी ने बताया खनन माफिया रात का फायदा उठा जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली से थाना क्षेत्र में बालू खनन कर रहे थे।जेसीबी मशीन और तीन बालू से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर सीज कर थाने के सुपुर्द कर दिए हैं।

## 26 को खुलेंगे न्यायालय, 27 मार्च को रहेगा रामनवमी अवकाश

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के जिला न्यायालयों में रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च 2026 दिन गुरूवार के स्थान पर 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार का अवकाश घोषित किया गया है एवं 26 मार्च 2026 दिन गुरूवार को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के जिला न्यायालयों में कार्य दिवस घोषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायालय, बदायूँ एवं बाहय स्थित समस्त न्यायालयों में रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च 2026 दिन गुरूवार को घोषित किये गये अवकाश के स्थान पर 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार का अवकाश घोषित किया जाता है एवं 26 मार्च 2026 दिन गुरूवार को समस्त न्यायालय न्यायिक कार्य सम्पादित किये जाने हेतु खुले रहेंगे। इस आदेश को जनपद न्यायालय, बदायूँ की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

## रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा, मजिस्ट्रेट नामित

**बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि 26 मार्च 2026 को रामनवमी का पर्व प्रत्येक वर्ष की भांति मनाया जायेगा। इस पर्व पर परम्परागत शोभायात्रा बिरूआवाड़ी मन्दिर से प्रारम्भ होकर, टिकटगंज, हलवाई चौक, खैराती चौक, नेहरू चौक, गोपी चौक, लोटनपुरा, अम्बा टाकीज, लावेला चौक, गद्दी चौक, रजी चौक, सराय कोना, हलवाई चौक, मढई चौक होते हुए रघुनाथ मन्दिर पर पहुँचकर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था हेतु उत्तरदायी होगे। शान्तिपूर्ण समापन तक स्थिति पर प्रभारी नियन्त्रण की दृष्टि रखेगे। शोभायात्रा के अवसर पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जिनमें तहसीलदार तहसील सदर दीपक कुमार (मो0 9454415842) शोभायात्रा के आगे, उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील सदर मोहित कुमार (मो0 9454415833) शोभायात्रा के मध्य तथा तहसीलदार (न्यायिक) सदर बदायूँ सुरेन्द्र कुमार द्वितीय (मो0 8533988009) शोभायात्रा के पीछे रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि त्यौहार से पूर्व मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था कराना सुनिश्चित कर लें। जनपद में भारतीय नागरिक सुखा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है जिसके प्रतिबन्धो को अक्षरशः पालन कराये जाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

## उर्स के लिए मजिस्ट्रेट नामित

**बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ककराला में 28 व 29 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय उर्स के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम स्थल पर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) राजेश कुमार सिंह को कार्यक्रम स्थल एवं सम्पूर्ण कस्बा ककराला एवं जुलूस की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं तहसीलदार (न्यायिक) सदर सुरेन्द्र कुमार द्वितीय को कार्यक्रम स्थल, तहसीलदार सदर दीपक सिंह को ककराला उसहैत मार्ग के प्रवेश द्वार पर तथा नायब तहसीलदार सदर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रशासन ने पुलिस व नगर निकाय को साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मौके पर मौजूद रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहें, ताकि उर्स शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## चैत्र नवरात्री के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**बदायू, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय सी0एल0 यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह के निर्देशन व नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत आमजन मानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो-सिघांडे का आटा, घी, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, कुट्टू का आटा, सेंधा नमक व अन्य फलाहारकी गुणवत्ता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में मंगलवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 03 खाद्य पदार्थो के नमूनों को जाँच हेतु संग्रहित किया गया। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यवाही किये गये प्रतिष्ठानों में लालपुल बदायूँ स्थित मेसर्स-रिलायंस रिटेल लिमिटेड से एककुट्टू आटा, एक मूंगफली दाना का नमूना संग्रहित किया गया। कुँवरगॉव बदायूँ स्थित मनोज ट्रेडर्स से रोस्टेड चौलाई का एक नमूना संग्रहित किया गया। इन संग्रहित किए गए कुल 03 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है ।जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया ।इस दौरान टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण माता शंकर बिन्द, राजेन्द्र नाथ मिश्रा व सीमा यादव मौजूद रहे।

# लैंगिक समानता सभी नागरिकों का आधारभूत मौलिक अधिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा मंगलवार को विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन ए0पी0एस0 इन्टरनेशनल स्कूल, उझानी, जनपद बदायूँ में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, कोमल श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नुक्कड-नाटक प्रस्तुत किये गये एवं ए0पी0एस0 इन्टरनेषनल स्कूल, उझानी, जनपद बदायूँ द्वारा मॉ सरस्वती वन्दना व स्वागत गायन की प्रस्तुति कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सचिव(पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोमल श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने संबंधी कानून के लागू होने से स्वतंत्रता के छः दशक पश्चात बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का सपना साकार हुआ है। यह कानून 1 अप्रैल, 2010 से लागू हुआ इससे बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 नाम दिया गया है। इस अधिनियम के लागू होने से 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अपने नजदीकी विद्यालय में निःशुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा पाने का कानूनी अधिकार मिले हैं।इस अधिनियम की खास बात यह है कि गरीब परिवार के वे बच्चे, जो प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं, के लिए निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है, राइट-टू-इजूकेशन एक्ट लागू होने के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत नौजवानों का देश है, बच्चों और नौजवानों को उनकी शिक्षा और उनके विशिष्ट गुणों का परिमार्जन करके देश को खुशहाल और शक्तिशाली बनाया जाएगा, शिक्षा के अधिकार के साथ बच्चों एवं युवाओं का विकास होता है तथा राष्ट्र शक्तिशाली एवं समृद्ध बनता है।यह उत्तरदायी एवं सक्रिय नागरिक बनाने में भी सहायक है। इसमें देश के सभी लोगों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का भी सहयोग आवश्यक है। शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को न तो स्कूल फीस देनी होगी, न ही यूनिफार्म, बुक, ट्रांसपोर्टेशन या मिड-डे मील जैसी चीजों पर ही खर्च करना होगा। बच्चों को न तो अगली क्लास में पहुँचने से रोका जाएगा, न निकाला जाएगा न ही उनके लिए बोर्ड परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा, कोई स्कूल बच्चों को प्रवेश देने से इंकार नहीं कर सकेगा, हर वर्ष 60 बच्चों को पढ़ाने के लिए कम से कम दो प्रशिक्षित अध्यापक होंगे।

# अधिवक्ता परिषद ने चंदौसी टैक्स बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विभोर बंसल का किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी। चंदौसी बार एसोसिएशन में अधिवक्ता परिषद बृज इकाई जनपद सम्भल द्वारा टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विभोर बंसल के सम्मान में कार्यक्रम किया गया। इस दौरान अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों ने विभोर बंसल को पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके तीसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया। विभोर बंसल इससे पूर्व भी दो बार टैक्स बार के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके कुशल नेतृत्व और अधिवक्ताओं के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए, वर्ष 2026-27 के लिए उन्हें तीसरी बार पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। अधिवक्ता परिषद बृज इकाई जनपद सम्भल के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विष्णु कुमार शर्मा एडवोकेट, दीपक राठौर एडवोकेट, प्रवीण गुप्ता, विकास कुमार मिश्रा एडवोकेट, सुनील सिंह, यशपाल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे। विभोर बंसल ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे टैक्स बार की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि विभोर बंसल का अनुभव और कार्यशैली टैक्स बार के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। कार्यक्रम का समापन एक-दूसरे को बधाई देने और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा के साथ हुआ।

# वृद्धावस्था पेंशन के लिये परिवार रजिस्टर की प्रति व जन्मतिथि अंकन वाले शैक्षिक प्रमाण-पत्र ही होंगे मान्य

❒ अब आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं वितरण को इंटरनेट आधारित प्रणाली के माध्यम से किए जाने के संबंध में निर्गत शासनादेश में आंशिक संशोधन किए जाने के क्रम में शासन द्वारा नवीन निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संपादित की जाएगी।उन्होंने बताया कि शासनादेश में विशेष रूप से पेंशनरों की आयु निर्धारण की प्रक्रिया के संबंध में संशोधन किया गया है। संशोधन उपरान्त नई व्यवस्था के अन्तर्गत आवेदक द्वारा आवेदन के समय निर्धारित आवेदन पत्र के प्रारूप के सभी कालमों को भरना अनिवार्य होगा एवं आवेदन पत्र के साथ वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन के लिए आवेदक की आयु का प्रमाण-पत्र (परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति) अथवा शैक्षिक अर्हता से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो, होगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त शासनादेश के अनुसार आवेदन के लिए आवेदक की आयु की गणना हेतु आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि को आयु के प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दिए जाने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासनादेश में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की आयु का सत्यापन कर आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करें, ताकि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध रूप से पेंशन का लाभ प्रदान किया जा सके।

# सदर कोतवाली क्षेत्र में चलाया गया मिशन शक्ति अभियान, छात्राओं को सुरक्षा की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। सदर कोतवाली क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान फ़ेज पांच के तहत श्रीराम सरस्वति मंदिर स्कूल पथिक चौक मिशन शक्ति प्रभारी एसआई सपना जायसवाल महिला कांस्टेबल मनीषा बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डेस्ट्राय, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन मजनू,ऑपरेशन नशामुक्ति, ऑपरेशन रक्षा,ऑपरेशन ईगल शामिल है। बता दे कि महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों पर रोकथाम हेतु शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल,महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, पिंक बूथ वहीं महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेन्शन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेट सखी,रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,मातृ शक्ति को संबल,सुकन्या समृद्धि योजना,पीएम आवास योजना,निशुल्क बालिका शिक्षा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,पी एम स्वनिधि योजना, विवाह अनुदान योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना,आयुष्मान कार्ड,प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना महिलाओं एवं बालिकाओं की तत्काल सहायता हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर-आपातकालीन पुलिस सहायता हेतु 112, अग्निशमन सेवा 101, एक्सीडेंट एम्बुलेंस सेवा 108, वीमेन पावर लाइन 181,साइबर हेल्पलाइन 1930,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि की जानकारी दी गई।

# एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर के गलत रिपोर्ट से एक शिशु का गर्भपात होते-होते बचा

❐ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर फल फूल रहे हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नगरकोतवाली थाना क्षेत्र केमहिला अस्पताल के पास स्थित एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ग लत रिपोर्ट देने का गंभीर आरोप लगा है। एक परि वार ने दावा किया है कि सेंटर की रिपोर्ट में आईयूडीएफ का जिक्र आईयूडीएफ का मतलब गर्भस्थ शिशु की मौत बताया गया था, जबकि वहीं दूसरे सेंटर से आई रिपोर्ट में बच्चा नार्मल पाया गया।




पीड़ित परिवार ने एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार,चौबेपुर निवासी सूरज मिश्रा ने लगभग चार महीने की गर्भवती अपनी पत्नी को महिला अ स्पताल में दिखाने के लिए लाया था जहां पर तैना त डॉक्टर मीनाक्षी मिश्रा ने महिला को देखा उसके बाद महिला को खून जांच और अल्ट्रासाउंड करने के लिए बोला तो सूरज अपनी पत्नी को लेकर एम डीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गया तो वहां पर अल्ट्रा साउंड हुआ उसके बाद उसकी रिपोर्ट दी गई उस रिपोर्ट को सूरज मिश्रा ने डॉ मीनाक्षी को दिखाया तो डॉ.मीनाक्षी ने जो रिपोर्ट में लिखा गया था उसे

देख कर बताया कि बच्चा पेट में मर चुका है और अबॉर्शन करने को कहा गया,उसके बाद सूरज का फी परेशान हुआ उसके बाद सूरज ने इसकी जान का री अपने एक रिश्तेदार को दी और कहा कि अ ब मैं कहां जाऊं सूरज के रिश्तेदार ने संतान देते हुए कहा कि जब तक मैं ना आ जाऊं जब तक आप कहीं नहीं जाना रिश्तेदार के आने के बाद सूरज ने अपने रिश्तेदार के साथ राज अल्ट्रासाऊंड सेंटर पर दिखाई तो वहां रिपोर्ट सही आई उस स मय सेंटर के डॉक्टर ने रिपोर्ट में बताया था कि मां और गर्भस्थ शिशु दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।पीड़ित ने एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक की शि कायत जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है।जानकारी के अनुसा र यह पैथोलॉजी सेंटर म हिला अस्पताल की बॉउंड्री से सटा हुआ है और एमडीसी सेंटर के नाम से जाना जाता है।जबकि पहले भी इस सेंटर से कई शिकायत आ चुकी है, साथ ही कई फर्जी रिपोर्ट भी दिया जा रहा है।पीड़ित का कहना है कि गलत रिपोर्ट के कारण उसकी पत्नी और बच्चे की जान खतरे में पड़ गई है। उसने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।वही अब देख ने वाली बात यह है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजे श पाठक जहां एक तरफ फर्जीवाड़े पैथोलॉजी सें टर और स्वास्थ महकमा को सुधारने में लगे हैं व हीं दूसरी तरफ गोंडा जिले में एमडीसी अल्ट्रासा उंड सेंटर स्वास्थ मंत्री के दामन पर दाग लगा रहे हैं।वही इसकी जानका री एडिशनल सीएमओ से ली गई तो उन्होंने बता या शिकायत प्राप्त हुई है और इ सकी जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की जा रही है।

# नारी शक्ति का प्रतीक बना उत्थान आडिटोरियम भव्य शक्ति संवाद कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ल्लउत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्षङ्क के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक होने वाले 09 दिवसीय समारोह अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित भव्य शक्ति संवाद का मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कार शुभारम्भ किया।

शक्ति संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम.एल.सी. डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य समाज की प्रत्येक महिला को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने महिलाओं का आहवान किया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के




विरुद्ध मुखर होकर अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने प्रदेश में महिला व बालिका उत्थान के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी अनेकों योजनाएं संचालित करने के लिए मा. मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठान का आहवान किया।इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व वन स्टाप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। हब की जेंडर स्पेशलिस्ट नीलम शुक्ला, एमटीएस दुर्गेश मिश्रा, लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा मौजूद महिलाओं को प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं, जैसे कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित महिला पेंशन तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 112, 181, 1076 के प्रभावी उपयोग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर शक्ति संवाद के उद्देश्यों से भी जोड़ा गया।

# जिम्मेदारियों की स्पष्टता के अभाव में लोगों की बढ़ रहीं मुश्किलें

❐ अफसरों का स्पष्ट के आरए तय न होना सुशासन में बड़ी बाधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। संविधान की प्रस्तावना की शुरुआत 'हम भारत के लोग..' से होती है, लेकिन उसी संविधान के अनुसार चल रहे शासन-प्रशासन में हम लोग यानी आम आदमी खुद को हाशिये पर पाता है। रोजमर्रा के जीवन में बिजली, सड़क,पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं होतीं इसलिए नहीं होतीं,क्योंकि न तो जनप्रतिनिधि के जवाबदेही के दायरे में हैं और न ही प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी, जिन पर इन बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का दायित्व है। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में बहस और चर्चा के बीच यह सबसे बड़ा सवाल होना चाहिए कि जिस जनता के लिए संविधान को अंगीकृत-अधिनियमित कि या गया,उसके प्रति शासन और प्रशासन की जिम्मे दारी कैसे सुनिश्चित की जाए।




### जनता चुनाव में वोट देकर चुनती है प्रतिनिधि

जनता चुनाव में वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनती है,सरकार बनवाती है,लेकिन चुनाव जीतने के बाद अक्सर जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को भूल जाते हैं।ऐसा इसलिए है,क्योंकि स्पष्ट तौर पर जवा बदेही तय नहीं है। उनके लिए अपना घोषणापत्र पूरा करने की कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं है।

अब जनप्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने और उन की स्पष्ट जवाबदेही तय करने की मांग उठ रही है। साथ ही हर पद पर बैठे अधिकारी का केआरए (की रिस्पांसिबिलिटी एरिया) भी तय होना चाहिए ताकि किसी भी तरह की हीलाहवाली पर उसकी जिम्मेदारी तय की जा सके।किसी बड़ी घटना के बाद कार्रवाई के नाम पर किसी भी अधिकारियों का स्थानांतरण और निलंबन भी उसे जवाबदेह नहीं ठहरा पाता।जवाबदेही के लिहाज से अगर सांसद विधायक, पार्षद आदि चुने हुए प्रतिनिधियों को देखा जाए तो क्षेत्रीय स्तर पर विकास कार्यों और प्रशासनिक कामकाज पर निगाह रखने की जिम्मेदारी इन्हीं जनप्रतिनिधियों की है। लेकिन आम आदमी यह जान ही नहीं पाता कि किस कार्य के लिए पार्षद जिम्मेदार हैं, किसके लिए विधायक अथवा सांसद, क्योंकि इसकी स्पष्टता कहीं नहीं है। वे सड़क के गड्ढों के लिए भी सांसद की ओर निगाह डालते हैं, जबकि यह कार्य पार्षद और निकायों के अफसरों और कर्मचारियों का है। इसी तरह प्रशासनिक तंत्र के मामले में यह बिल्कु ल साफ नहीं है कि स्कूल,अस्पताल,सफाई,सड़क, बिजली और पानी जैसी नागरिक सुविधाओं के लिए अंततः किसे जिम्मेदार ठहरा जाए।सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और जाने-माने कानूनविद कहते हैं कि चाहें जो सरकार आए, लेकिन निम्न स्तर पर आम आदमी को भ्रष्टाचार से निजात नहीं मिलती। उसे कदम-कदम पर भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है।सांसद व विधायक निर्वाचित होने के बाद संविधान की शपथ लेते हैं, लेकिन उस शपथ को लागू कराने का तरीका हमारे पास नहीं है। कहते हैं कि ली गई शपथ लागू कराने और इन्हें जवाबदे ह बनाने के लिए या तो कोई संवैधानिक प्रविधान किया जाए या फिर कानून लाया जाए वरना शपथ का कोई मतलब नहीं है।बात सिर्फ जवाबदेही तक ही सीमित नहीं रह गई है।अब तो ऐसे भी उदाहर ण सामने हैं कि मंत्री तो मंत्री मुख्यमंत्री भी जेल से महीनों सरकार चलाता रहा और कोई भी ऐसा सं वैधानिक प्रविधान नहीं था जो उसे पद छोड़ने को मजबूर कर सके।

# पुलिस ने दो दर्जन वारंटियों की बजाई घंटी

❐ समन पर कोर्ट जाने का समय नही, पहुंच गए हवालात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। कोर्ट से समन भेजने पर हाजिर न होने पर जब वारंट जारी हुआ तो केस से जुड़े लोगों ने उसे हल्के में लिया। जब पुलिस के हत्थे चढ़े तो सारी मटरगस्ती निकल गई। न गांव के आदरणीय दादा जी काम आए न कोई जनप्रतिनिधि। परसपुर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में अभियान चलाकर सप्ताह भर में दो दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है।

रविवार की रात विभिन्न गांवों से पुलिस ने आठ वारंटियों को पकड़ा तो वहीं इसके पूर्व विगत दिवस डेढ़ दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। सोमवार को कुछ वारंटियों को छुड़ाने के लिए उनके परिजन व दादा पुलिस से मनुहार करते रहे लेकिन पुलिस ने उनकी एक भी ना सुनी।थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने




अधीनस्थ पुलिस कर्मियों से कोर्ट के मामले में धर पकड़ और तेज करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान पुलिस टीमों की ओर से ग्राम सुसुण्डा, विशाल छत्तर पुरवा के उमेश चन्द्र पाण्डेय, चन्द्र प्रताप उर्फ मुखतियार, संदीप कुमार पाण्डेय। पुरैना के सरफराज यादव व भूलन यादव, बरदहा के सुशील तिवारी, परेटा चौहान पुरवा के जिलेदार सिंह, कस्बा परसपुर के जहीर पुत्र हनीफ की गिरफ्तारी की है। इसके पूर्व परसपुर नौशहरा के रहमतुल्लाह उर्फ बाउर, खैरा के राजकुमार व घनश्याम। शिवगढ़ के घनश्याम, मधईपुर के कल्लू यादव व बाबादीन यादव, विशुनपुर कला के राजेश सिंह, चरहुंआ के बुद्धु व तीरथ, परेटा शुक्ल के सचिन, परेटा पूरे बघई के सूरज मिश्रा, दुबाई पूरे वैश्य के चंद्रभान सिंह, देशराज सिंह व रामकुमार सिंह। पसका उल्टहवा के परमेश्वर व शेर बहादुर को कोर्ट को नजर अंदाज करने पर जारी वारंट पर पकड़ा गया। टीम में एसएसआई के अलावा दरोगा अमित सिंह, दिनेश सिंह, सावन सिंह, अंकित सिंह, अमन कनौजिया व कई आरक्षी शामिल रहे।

# जिलाधिकारी के संरक्षण में बहराइच के कलाकार जौनपुर महोत्सव में देंगे दमदार प्रस्तुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जौनपुर के लोकप्रिय एवं प्रख्यात जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह, जो पूर्व में बहराइच में भी जिलाधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं, एक बार फिर प्रतिभाओं को मंच देने के लिए चर्चा में हैं। उनके संरक्षण एवं प्रोत्साहन से बहराइच के नवोदित कलाकार जसवीर सिंह एवं शुभम को आगामी जौनपुर महोत्सव में अपनी कला प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

डॉ. दिनेश चंद्र सिंह द्वारा पूर्व में भी इन कलाकारों की प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें प्रदेश के कई बड़े एवं प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुति का अवसर दिलाया जा चुका है। उनके इसी सतत प्रयास और कलाकारों के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आज ये कलाकार एक बड़े सांस्कृतिक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं। जौनपुर महोत्सव प्रदेश का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है, जहां विभिन्न जिलों से चुनिंदा कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। ऐसे में बहराइच के इन कलाकारों की भागीदारी न केवल जनपद के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह क्षेत्रीय कला और संस्कृति को भी नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी। कला प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने विश्वास जताया है कि जसवीर सिंह और शुभम अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीतेंगे और जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# सरयू नदी पुनरोद्धार समिति द्वारा सौंपा गया ज्ञापन

❐ झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किया जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। माँ सरयू नदी पुनरोद्धार समिति के तत्वाधान में शहर की पौराणिक सरयू नदी की सफाई, घाट के सौंदर्यीकरण एवं झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किए जाने को लेकर संकल्प सभा का आयोजन सरयू नदी के तट झिंगहाघाट पर किया गया।



कार्यक्रम का संचालन समिति के संयोजक एड. धनंजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में उपस्थित लोगों एवं मातृशक्ति के द्वारा मां सरयू की आरती उतार कर नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सरयू नदी के इस पावन तट पर विभिन्न पर्व एवं त्योहारों पर मेले का आयोजन होता है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होते हैं। विगत वर्षों से पवित्र सरयू नदी की साफ सफाई एवं निर्बाध जल बहाव हेतु कोई कार्य नहीं हुआ है जिससे इस नदी में जगह-जगह सिल्ट जम गया और जल प्रवाह बाधित हुआ है। तथा बिना सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के ही नगर के नालों का दूषित पानी वह नानपारा चीनी मिल से निकलने वाले वेस्टेज को नदी में छोड़ा जा रहा है जिस कारण सरयू नदी पूरी तरह से दूषित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नदी के अधिकांश भाग सिल्ट,जलकुंभी आदि से पट गई है जिसके चलते नदी का बहाव निरन्तर नहीं होने से नदी नाले में परिवर्तित हो गई है। नदी में बहाव न होने से निकट स्थित कृषि योग्य भूमि वर्षाकाल में जलमग्न रहती है एवं कृषकों की फसल की उपज गम्भीर रूप से प्रभावित होती है।तदुपरांत सरयू नदी पुनरोद्धार समिति द्वारा ज्ञापन सौंप कर शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की पौराणिक मान्यताओं में अपना विशेष महत्व रखने वाली सरयू नदी के प्रमुख घाटों में एक झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट किया जाए,नदी में गिर रहे नालों के मुहाने पर जल शोधन यंत्र लगवाने एवं जीवन दायिनी नदी की साफ सफाई एवं जल बहाव की निरंतरता हेतु नदी में जमे सिल्ट को हटाए जाने तथा नदी के किनारे घाट का निर्माण कराए जाने एवं संपूर्ण नदी की ड्रोन मैपिंग कराये जाने की मांग की।इस अवसर पर समिति के अरविंद सिंह सेंगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अजय, धर्मेंद्र सिंह, अतुल गौड़, विपिन ,अनिल वर्मा,रंजीता बाल्मीकि,आयुष जायसवाल, पिंटू मौर्या, सुनील केवट,कमलेश यादव, अवधेश वर्मा,सौरभ जैन,सुनीता, रमेश पाठक, उत्तम सिंह,मनोज मिर्ची,संजय जायसवाल, विवेक सिंह,विनोद सिंह,सूर्य प्रताप सिंह,शशांक श्रीवास्तव, धनंजय शर्मा, निशा शर्मा,के के मिश्रा,शांति पांडे एडवोकेट सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच अरविंद बाबा उर्फ अरविंद तिवारी का अंतिम संस्कार



**गोंडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के अचलपुर गां व में एक 32 वर्षीय अरविंद बाबा उर्फ अरविंद तिवारी की हुई संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने मं गलवार को उनके अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया है।परिजन घर के बाहर चारपाई पर शव रख कर आरोपियों के खिलाफ मारपीट के मुकदमे में हत्या की धारा जोड़ने की मांग कर रहे थे।घंटों की बातचीत के बाद,पुलिस के आश्वासन पर कई था नों की फोर्स और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अरविंद तिवारी का अंतिम संस्कार किया गया।मो तीगंज पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में धा राएं बढ़ाई जाएंगी और आरोपियों के खिलाफ स ख्त कार्रवाई की जाएगी।परिजनों का आरोप है कि 22 मार्च को गांव के मनीराम तिवारी और श्रीकांत, अरविंद को घर से बुलाकर ले गए थे। अरविंद 22 मार्च को पूरे दिन गायब रहे और अगले दिन उनका शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनीपुर में मिला था।परिजनों ने मनीराम तिवारी और श्रीकांत पर अरविंद की हत्या का गंभीर आ रोप लगाया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था,लेकिन अभी तक रिपोर्ट सामने नहीं आई है।मोतीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के निष्कर्षों के आ धार पर कार्रवाई की जाएगी।

## आज बहराइच पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का 25 मार्च 2026 को जनपद बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री जी लगभग 11:00 बजे तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम सेमरहना हेलीपैड पहुंचकर जनपद बहराइच के आपदा प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को आवास एवं भूमि आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्यमंत्री का लगभग 01 घण्टे का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## 27 मार्च को जनपद न्यायालय में रहेगा रामनवमी का अवकाश 26 मार्च को खुले रहेंगे न्यायालय

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद न्यायाधीश ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पूर्व में 26 मार्च 2026 को घोषित राम नवमी के अवकाश को परिवर्तित करते हुए 27 मार्च 2026 को रामनवमी का अवकाश घोषित किया गया है तथा 26 मार्च 2026 को न्यायालय खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, बहराइच, ग्राम न्यायालय, नानपारा व महसी 26 मार्च 2026 को न्यायिक कार्य हेतु खुले रहेंगे। जबकि 27 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन पर्व पर समस्त न्यायालय बंद रहेंगे।

## जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया राय के साथ जिला कारागार बहराइच का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने महिला एवं बाल बैरक, बैरक संख्या 10 ए,बी व सी सहित अन्य बैरकों, कारागार अस्पताल व पाकशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह, चिकित्सक डॉ. अनिल वर्मा व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# श्री साईं सिद्धि भारत गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर डिलिवर्ड के बुकिंग के खेल में फंसे गैस उपभोक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी पर इन दिनों घरेलू रसोई गैस की डिलीवरी में कई उपभोक्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज मिलने के बावजूद उपभोक्ता सिलेंडर नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं।




इसने गैस वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी की स्थिति सबसे गंभीर है।घरेलू रसोई गैस को लेकर इन दिनों उपभोक्ता तरह-तरह की शिका यतें कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिली, लेकिन उनके मोबाइल फोन पर सिलेंडर 'डिलिवर्ड' होने का मैसेज भेज दिया गया।इस पूरे मामले ने न के वल उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है,बल्कि गै स बुक कराने के बाद 25 से 45 दिनों तक लंबा इंतजार करने की मजबूरी भी खड़ी कर दी है।ऐसी स्थिति से गैस वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि एक तरफ जहां शहर और ग्रामीण क्षे त्रों में गैस की किल्लत बनी हुई है,वहीं दूसरी ओर श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी की मनमानी के कारण लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।श हर व आसपास के इलाकों में रसोई गैस को लेकर बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है।इस से गैस एजेंसियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिली,लेकिन उनके मोबाइल फोन पर 'डिलिवर्ड' होने का मैसेज भेज दिया गया।इस स्थिति ने न केवल उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि गैस बुक कराने के बाद 25 से 45 दिनों तक लंबा इंतजार करने की मजबू री भी खड़ी कर दी है। ऐसे हालात में गैस वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि एक तर फ जहां शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस की किल्ल त बनी हुई है।वहीं पुष्पा भारत गैस एजेंसी की मन मानी के कारण लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ र ही है।बिना सिलेंडर प्राप्त किए ही 'डिलिवर्ड' का संदेश मिलना इस बात का संकेत है कि कहीं न क हीं कागजों पर खेल किया जा रहा है।

एक गैस उप भोक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उ न्होंने गैस बुक कराई,लेकिन कई दिनों तक इंत जार करने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिला।इसके बावजूद उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आ गया,जिससे वे हैरान और परेशान हैं।उपभो क्ताओं का यह भी कहना है कि कई मामलों में बिना गैस लिए ही उनके बैंक खाते में सब्सिडी की राशि भेजे जाने का मैसेज मिल रहा कि सब्सिडी मिलने की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर प हुंच रही है,जबकि उन्हें वास्तविक रूप से गैस सि लेंडर मिला ही नहीं।ऐसे में सवाल उठता है कि ज ब सिलेंडर की डिलीवरी ही नहीं हुई, तो सब्सिडी कैसे जारी हो गई। इस पूरे मामले ने गैस वितरण व्यवस्था में संभावित गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की आशंका को और मजबूत कर दिया है। उपभोक्ता ओं का आरोप है कि एजेंसियां जान-बूझकर ऐसा कर रही हैं, ताकि कागजों में डिलीवरी दिखाकर गैस की कालाबाजारी की जा सके।इसका असर यह हो रहा है कि जरूरतमंद उपभोक्ताओं को स मय पर गैस नहीं मिल पा रही है। स्थिति को और गंभीर बनाता है होम डिलीवरी सिस्टम का लगभग ठप होना।जिला प्रशासन द्वारा 'डोर स्टेप डिलीव री' के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अधिकतर गैस एजेंसियां इनका पालन नहीं कर रही हैं,परिणा मस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को एजेंसी के गोदाम तक जाना पड़ रहा है, जहां लंबी कतारें लग रही हैं। कई किलोमीटर दूर स्थित गोदाम तक पहुंचने में उन्हें समय और पैसा दोनों खर्च करना पड़ रहा है। इसके बावजूद यह कोई गारंटी नहीं है कि उन्हें उसी दिन गैस सिलेंडर मिल ही जाएगा। कई बार घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।उपभोक्ताओं का कह ना है कि एजेंसियां कृत्रिम अभाव पैदा कर रही हैं। प्रशासन की ओर से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है,लेकि न हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है।

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम में निपुण बच्चों को किया सम्मानित

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत । ब्लाक स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम नगर पीलीभीत बैंकट हॉल में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के समिति अध्यक्ष, सचिव एवं ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालयों के निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से मिशन प्रेरणा, कायाकल्प, बुनियादी शिक्षा को मजबूती, आधारशिला शिक्षण सहित आदि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसए रौशनी सिंह ने कहा कि विद्यालय का वातावरण अच्छा हो,तभी बच्चों का विद्यालय में पढ़ने जाने के लिए मन लगेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार, शिक्षिका साजदा खातून, रजनी जौहरी, सैयदा, नीरजा शुक्ला, अंजू सिंह, इशरत जहां, मुजीबुलहासन, सरिता, अभिषेक सक्सेना, सहित अन्य शिक्षक और शिक्षकाए उपस्थिति रही हैं।

## भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर एफएसटी की बैठक में शामिल हुए डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह

पीलीभीत। जनपद के जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने लखीमपुर खीरी में आयोजित भारत-नेपाल सीमा से जुड़े सीमावर्ती जिलों की प्रथम फील्ड सर्वे टीम बैठक में प्रतिभाग किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सीमा क्षेत्रों की सुरक्षा, समन्वय और सर्वेक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े जनपदों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया और सीमा पर सतर्कता बढ़ाने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा आपसी समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी और सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को समय रहते रोका जा सके बैठक के दौरान फील्ड सर्वे टीम के कार्यों की रूपरेखा, सीमा क्षेत्रों के संवेदनशील बिंदुओं की पहचान और संयुक्त कार्रवाई की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया इस बैठक को भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# वाहन चोरी, लूट व नकबजनी करने वाले गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। थाना पूरनपुर पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित अपराधी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय द्वारा क्षेत्र भ्रमण और शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई पुलिस के अनुसार, आंशू पाण्डेय उर्फ अंशू निवासी ग्राम मोहम्मदपुर भायपुर ने एक संगठित गिरोह बना रखा है, जिसका वह स्वयं लीडर है गिरोह में आनंद प्रकाश निवासी लाइनपार साहूकारा भी शामिल है यह गिरोह वाहन चोरी, लूट और नकबजनी जैसे अपराधों को अंजाम देकर अवैध रूप से धन अर्जित करता है बताया गया कि गिरोह के आतंक के कारण आम जनता शिकायत दर्ज कराने और गवाही देने से कतराती है पुलिस ने इस गिरोह को समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त मानते हुए गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन प्राप्त किया आपराधिक इतिहास गैंग लीडर आंशू पाण्डेय पर विभिन्न थानों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में लगभग 15 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सदस्य आनंद प्रकाश पर भी आर्म्स एक्ट सहित आपराधिक मामले दर्ज हैं पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत कार्रवाई की गई है और संबंधित मामलों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किए जा चुके हैं पुलिस का बयान पुलिस के अनुसार जनहित में ऐसे संगठित अपराधी गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

## पूरनपुर प्राइड अवार्ड से सम्मानित हुए खिलाड़ी सौरभ गंगवार

पूरनपुर। नगर पालिका सभागार में पूरनपुर के होनहार खिलाड़ी सौरभ गंगवार को भारतीय पैरा क्रिकेट टीम में चयनित होने पर सपरिवार आमंत्रित कर ल्लपूरनपुर प्राइड अवार्डङ्क से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया सौरभ गंगवार, जो पेशे से सिविल इंजीनियर भी हैं, ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे पूरनपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है नगर पालिका की ओर से अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, विवेक विश्नोई, लवी गुप्ता, रेखा देवी, सार्थक गंगवार, महिपाल गंगवार, गौरव गंगवार, विवेक तिवारी, प्रशांत आजाद, शालिनी गंगवार, प्रिन्सी गंगवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति क्लब का भव्य एक्जीबिशन खरीदारी संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए वेंडर्स ने समर कलेक्शन, ज्वैलरी, भगवान के वस्त्र, घरेलू मसाले और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाकर लोगों को आकर्षित किया

पूरनपुर। नारी शक्ति क्लब द्वारा 22 मार्च को अमोल बैंक्वेट हॉल में आयोजित भव्य एक्जीबिशन ने नगरवासियों को खरीदारी, मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से आए वेंडर्स ने समर कलेक्शन, ज्वैलरी, भगवान के वस्त्र, घरेलू मसाले और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाकर लोगों को आकर्षित किया कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई।

इसके बाद सविता खंडेलवाल, मोनिका गुप्ता, अर्चना सिंघल, स्मिता गुप्ता और दीपिका गुप्ता ने वेंडर्स के लिए फन गेम्स आयोजित कर माहौल को जीवंत बना दिया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, नवरात्रि व महिला सशक्तिकरण आधारित कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मटकी सज्जा प्रतियोगिता ने महिलाओं की रचनात्मकता को मंच दिया प्रतिभाओं को मिला मंच नारी शक्ति क्लब ने दो गांव के सरकारी विद्यालय के बच्चों को मंच प्रदान किया, जहां उनकी प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया बालिकाओं द्वारा गोबर, कपूर व हवन सामग्री से बने कंडों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा पुस्तक का विमोचन क्लब की संस्थापक मिंटी मंडेर द्वारा उनकी नई पुस्तक 'मौन में ठहरा प्रेम' के कवर पृष्ठ का विमोचन किया गया सम्मान और लकी ड्रॉ में विजेताओं को सम्मानित किया गया क्लब अध्यक्ष अंजलि गुप्ता, सचिव स्मिता गुप्ता व कोषाध्यक्ष मोनिका होड़ा ने अतिथियों व प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी कल्पना गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुगंध अग्रवाल व डॉ. नीता सुशील अग्रवाल ने किया है।

# बहुचर्चित घनश्याम तिवारी हत्याकांड में दोषियो को उम्रकैद की सजा

❒ कोर्ट ने दोषी अजय नारायण पर 1.20 लाख रुपए एवं दोषी दीपक पर लगाया 70 हजार रुपए का अर्थदंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। बहुचर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में एडीजे प्रथम संया चौरी की अदालत ने आज मंगलवार को दोषियो की सजा पर अपना फैसला सुनाया। जिसमे अदालत ने दोषी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों दोषियो को अदालत ने सजा काटने के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे शासकीय अविक्ता पवन कुमार दूबे ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था, पीड़ित परिवार के साथ न्याय जरूर होगा। कोर्ट के फैसले का सभी को इंतजार था,जो आ चुका है।

कोतवाली नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले की रहने वाली वादिनी निशा तिवारी ने 23 सितंबर 2023 की घटना बताते हुए अपने पति घनश्याम तिवारी की हत्या के आरोप में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने नारायनपुर गांव निवासी जगदीश नारायण सिंह, विजय नारायण सिंह, अजय नारायन सिंह व ानपतगंज थाने के मायंग निवासी दीपक सिंह के खिलाफ आरोप-पत्र पेश किया था। मामले में दो आरोपियो की दौरान विचारण मृत्यु हो चुकी है, जबकि आरोपी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह के खिलाफ ट्रायल चल रहा था। मामले में अभियोजन पक्ष से शासकीय अविक्ता पवन कुमार दूबे व निजी अविक्ता संतोष कुमार पांडेय ने पैरवी किया।

# स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले, लोकाािकार सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अयक्ष, सुविख्यात समाजसेवी स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव रेवारी, बेलहरी (जनपद सुल्तानपुर) में सोमवार, 23 मार्च 2026 को भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं लोकाािकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अयक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल 'रिंकू भइया, छोटे पुत्र प्रशांत चंद्रशेखर शुक्ल एवं ब्लक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल चंद्रशेखर शुक्ल के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिले के अनेक गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिाि, प्रशासनिक आिकारी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व राज्यपाल के विाकि सलाहकार एस.एस. उपायाय, भाजपा जिलायक्ष सुशील त्रिपाठी, विाायक राजप्रसाद उपायाय, राजेश गौतम, रमेश चंद्र मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता, आिकारी एवं बुद्धिजीवी शामिल रहे। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने बेबी भइया के व्यक्तित्व और .तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाजसेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि उन्होंने अपने निजी संसाानों से 1280 निर्ाान कन्याओं का सर्वजातीय सामूहिक विवाह कराकर समाज में एक मिसाल कायम की। इसके अलावा निःशुल्क कंबल वितरण, चश्मा वितरण, मोतियाबिंद अपरेशन, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान करना, जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च उठाना एवं गंभीर बीमारियों के इलाज में सहयोग जैसे अनेक कार्य उनके सामाजिक समर्पण को दर्शाते हैं। सांस्.तिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा, जिसमें रामलीला मंचन, कजरी महोत्सव, कवि सम्मेलन तथा बंदी सुाार अभियान के तहत कारागारों में मानस प्रवचन जैसे आयोजन शामिल हैं। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बेबी भइया जैसा व्यक्तित्व विरले ही होता है। समाजसेवा की जब भी बात होगी, उनका नाम गर्व से लिया जाएगा। इस श्रद्धांजलि सभा में हजारों की संख्या में जनप्रतिनिाि, प्रशासनिक आिकारी, पत्रकार, शिक्षाविद, समाजसेवी, ग्राम प्राान, बीडीसी सदस्य एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित नही रहने पायेगा : ब्लाक प्रमुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई, अमेठी। डीबीएस कालेज तिलोई के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम प्रधानों की ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि मैं दावे के साथ यह कह सकता हूं कि जितने सुयोग्य शिक्षक परिषदीय विद्यालयों में है वह कॉन्वेंट स्कूलों में नही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सहयोग में हम जनप्रतिनिधिगण जिस लायक है कभी पीछे नही हटेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अनाथ बच्चों को शिक्षा से वंचित नही होने दिया जायेगा इनकी शिक्षा के लिये हमने बीड़ा उठा लिया है और सूची बनवाई जा रही है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने अभिवावकों से अपील करते हुये कहा कि अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में ही करायें क्योंकि प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है और मनमानी फीस वसूलकर जेबों पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी से ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनके संचालकों को दिशा निर्देश प्रदान करने की सिफारिश की है।खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के कश्यप ने अपने सम्बोधन में कहा कि विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना में कराये गये विकास कार्यों में जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है।

# आपरेशन त्रिनेत्र के तहत समस्त गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगवायें : डीएम

❒ राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण-पोषण को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित घूम रहे गोवंशों को स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पड़कर स्थानीय गौशाला में संरक्षित कराया जाए तथा गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल व उनके इलाज आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गौशाला में गोवंश की मृत्यु हो जाने के उपरांत तत्काल उसका सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं, किसी भी दशा में मृत गोवंश को खुले में ना छोड़े, गड्ढा खुदवा कर सुव्यवस्थित तरीके से उसका निस्तारण कराएं। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने 50 से कम गोवंश वाले गौशालाओं में और गोवंशों को पड़कर संरक्षित कराने के निर्देश दिए तथा सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व उनके भरण पोषण को लेकर मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के लिये समय से बुवाई कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जी के शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हनुमान दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, प्रमुख मांगें उठाईं

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शहर की कुछ व्यवस्थाओं एवं जनसुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया संगठन की ओर से गांधी स्टेडियम रोड स्थित दुकानों के नामों में संशोधन और मां पूर्णागिरि मेले में श्रद्धालुओं के लिए बायो टॉयलेट की व्यवस्था की मांग की गई ज्ञापन में बताया गया कि गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक चाय की दुकान, जिसका नाम 'मनोहर चाय' उसके नाम को लेकर संगठन ने आपत्ति जताई है उनका कहना है कि दुकान संचालक के नाम के अनुरूप दुकान के नाम में संशोधन किया जाए,ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे। इसी क्रम में स्टेडियम रोड पर डॉ. जे.एन. मिश्रा के अस्पताल के समीप स्थित 'देल्ही जूस कॉर्नर' के नाम में भी संचालक का नाम जोड़ने की मांग उठाई गई इसके अलावा, वर्तमान में चल रहे मां पूर्णागिरि मेले को देखते हुए संगठन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छतरी चौराहा या गौहनिया चौराहे के पास बायो टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में स्वच्छता और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है राष्ट्रीय हनुमान दल ने जिलाधिकारी से इन सभी मांगों पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है

## पूरनपुर में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान 'फूल बाबू' का जोरदार स्वागत, संगठन मजबूती पर जोर

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद पहली बार पूरनपुर पहुंचे पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सछास के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी के आवास पर भव्य अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान ईद की मुबारकबाद के साथ भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। साथ ही क्षेत्र की जनसमस्याओं, संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी गरीब, किसान, नौजवान और कमजोर वर्ग की सच्ची आवाज है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएं इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव ने कहा कि सपा की नीतियां सर्वसमाज को साथ लेकर चलने वाली हैं और पार्टी सभी वर्गों के हित में काम कर रही है कार्यक्रम में मुजाहिद इस्लाम, फैसल खान, रजा अंसारी, इमरान अंसारी, उपेंद्र सिंह, प्लविंद्र, सुखदेव, नजमूल हसन खान, शोएब खान, अखलाक चौधरी, जफर अली और हाजी वसी अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रह।

## पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची की सघन जांच, डुप्लीकेट नामों पर कार्रवाई

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत प्रशासन ने तदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले पोर्टल पर डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके बाद अब सूची की प्रूफ रीडिंग का काम तेजी से कराया जा रहा है प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन से कुल 5,19,162 संदिग्ध मतदाताओं की सूची भेजी गई थी, जिनके नामों में समानता या डुप्लीकेट होने की आशंका थी इन सभी का सत्यापन कराया गया और इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है इस जांच प्रक्रिया के बाद 11,560 मतदाताओं के नाम हटाए गए,2,950 मतदाताओं के नाम व विवरण संशोधित किए गए,29,696 नए मतदाता जोड़े गए मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पहले उसे मुद्रित कर लिया गया है और अब उसमें मौजूद त्रुटियों को सुधारने के लिए सात ब्लॉकों की टीमों को लगाया गया है। इनमें पूरनपुर, ललौरीखेड़ा, बरखेड़ा, मरौरी, बिलसंडा, अमरिया और बीसलपुर के कार्मिक शामिल हैं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची से पहले हर संभव त्रुटि को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है विशेष रूप से वर्तनी संबंधी त्रुटियों को चिन्हित कर उन्हें ठीक किया जा रहा है, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

## अवैध शराब पर कार्रवाई:23 लीटर कच्ची शराब बरामद, महिला सहित 2 गिरफ्तार

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आबकारी व पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम गुलड़िया खास में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है मौके से कुल 23 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई आबकारी निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांव पहुंची पहले एक मकान पर दबिश देकर ऋषिपाल पुत्र हेमराज को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से करीब 12 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई इसके बाद टीम ने करीब 150 मीटर दूर मड़ैया में छापेमारी कर सोनी पत्नी स्व. लालू को गिरफ्तार किया। उसके पास से लगभग 11 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई कुल बरामदगी 23 लीटर कच्ची शराब दोनों आरोपियों के पास शराब का कोई लाइसेंस नहीं मिला दोनों के खिलाफ धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई पुलिस व आबकारी टीम ने बरामद शराब को सील कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है आवकारी निरीक्षक दीपक कुमार, आवकारी निरीक्षक मनीष कुमार,प्रा0आ0सि0 विनोद कुमार, प्रा0आ0सि0 फतेह सिंह, आ0सि0 महेश कुमार यादव,आ0सि0 वीरेन्द्र कुमार यादव , आ0सि0अनिल कुमार पूरनपुर कोतवाली से उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक पिंकी यादव कांस्टेबल नवीन तेजा आदि लोग रहे।

## पीलीभीत में 29 मार्च से होगी शूटिंग प्रतियोगिता,तैयारियां शुरू

**पीलीभीत , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज पर तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 29 मार्च से किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 31 मार्च को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसे सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं उन्होंने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में .22 बोर, .32 बोर और 12 बोर वर्ग शामिल होंगे,जबकि 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए एयरगन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता को कुल छह श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें माननीय एवं राजपत्रित अधिकारी ,खुली स्पर्धा,स्टेट व नेशनल वर्ग,सीनियर सिटीजन बालक/बालिकाएं/महिलाएं,गेस्ट प्रतियोगिता प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ एंट्री फॉर्म जमा करना अनिवार्य होगा। एक प्रतिभागी केवल एक ही श्रेणी में भाग ले सकेगा। प्रतियोगिता में उपयोग किए गए कारतूसों के खाली खोल वापस करना भी अनिवार्य रहेगा एंट्री फीस प्रत्येक इवेंट के लिए 500 रुपये निर्धारित की गई है, जबकि छात्र-छात्राओं और महिलाओं के लिए यह शुल्क 100 रुपये तथा रायफल क्लब के सदस्यों के लिए 200 रुपये रखा गया है।

## अब तक कई गोवंशों की मौत, परिसर में घुस रहे कुत्ते व आवारा जानवर

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुबेपुर ब्लक क्षेत्र की अलहदादपुर ग्राम सभा में बनी नवनिर्मित गौशाला में गोवंशों की लगातार मौत का मामला सामने आ रहा है। गौशाला में पहले भी कई गोवंशों की मौत हो चुकी है और मृत पशुओं को बिना पोस्टमार्टम कराए ही दफना दिया गया। सोमवार को भी एक और गोवंश ने दम तोड़ दिया। गौशाला में गोवंशों की देखभाल और सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नह है, जिससे बीमार या कमजोर पशुओं की हालत बिगड़ रही है। वह पशु चिकित्सक राजेश वर्मा ने बताया कि गौशाला अभी पूरी तरह सुरक्षित नह है। आसपास से आवारा जानवर और कुत्ते परिसर में घुस जा रहे हैं, जिससे छोटे बछड़ों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि जिस गोवंश की मौत हुई है वह एक बछड़ा था। पशु चिकित्सक के अनुसार गौशाला की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य कराया जा रहा है।

## एसपी चारुनिगम का सख्त आदेश, पुलिस ने की छापेमारी तेज

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में दर्ज एक मुकदमें से जुड़े 12 फरार आरोपियों पर पुलिस अीक्षक चारुनिगम ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सभी आरोपी काफी समय से फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे हैं। वह पुलिस के मुताबिक संबंाित मुकदमें में नामजद सभी आरोपी वांछित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने प्रत्येक आरोपी पर इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही जनपद स्तर पर विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। वह पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि आरोपियों के बारे में कोई भी ठोस जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और नियमानुसार इनाम दिया जाएगा।

## वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन अवकाश के बावजूद खुलेंगे बैंक व कोषागार

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि इकतीस मार्च को महावीर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा लेकिन वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए इस दिन अत्यधिक लेनदेन की संभावना है। इसी के मद्देनजर शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों से संबंधित बैंक शाखाओं एवं कोषागारों को इकतीस मार्च को खुला रखने के आदेश जारी किये गये हैं ताकि राजस्व एवं अन्य वित्तीय कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आये। जिलाधिकारी ने बताया कि कोषागार अमेठी के साथ ही साथ भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं गौरीगंज, अमेठी व मुसाफिरखाना तथा बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा तिलोई इकतीस मार्च को खुली रहेंगी।

## सम्पादकीय

# पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा सलूक

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार शाम समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के 9 रफी मार्ग स्थित कार्यालय को कथित तौर पर भूमि आवंटन की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया। देश की सबसे पुरानी समाचार एजेंसी के साथ दिल्ली पुलिस ने जो सलूक किया, उस पर लोकतंत्र के पक्षधर नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एडिटर्स गिल्ड, वीमेंस प्रेस क्लब समेत कुछ पत्रकार संगठनों ने भी इसकी निंदा की है और अलग-अलग दलों के कुछ नेताओं ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। लेकिन इस खबर पर जो व्यापक हलचल मचनी चाहिए थी, वो कहीं नजर नहीं आ रही। इससे समझ आता है कि अब हम शायद जागरुक समाज नहीं रहे, और काफी हद तक संवेदनहीन, आत्मकेनद्रित हो चुके हैं। तभी तो बड़ी से बड़ी घटनाएं भी हमें विचलित नहीं करतीं। अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की कई खबरें आती हैं और समाज उन्हें सरसरी निगाह से देखकर टाल देता है कि ये सब तो होता ही रहता है। अत्याचार तो पहले भी होते रहे हैं, तब पत्रकार इन्हें उजागर करना अपना दायित्व समझते थे। क्योंकि जब तक समाज की बुराइयों को सामने नहीं लाया जाएगा, तब तक उनका खात्मा करने के तरीके भी नहीं तलाशे जा सकते। लेकिन अब मीडिया भी उन्हीं खबरों को तरजीह देता है, जो वायरल हों, जिनके कारण टीआरपी बढ़े या लाइक्स और कमेंट्स ज्यादा मिले। यही वजह है कि पहले कुंभ मेले में एक सुंदर युवती मोनालिसा चर्चा में आई, फिर उसके अभिनेत्री बनने की खबरें खूब चलीं और अब उसने विवाह कर लिया तो उस पर भी प्रेस कांफ्रेंस हो गई कि उसने जिस व्यक्ति से विवाह किया, उसका धर्म क्या है और यह सही है या नहीं। सोचिए मीडिया ने अपनी प्राथमिकताओं को किस गर्त में पहुंचा दिया है कि दो बालिग आपसी रजामंदी से विवाह करें तो वह उनकी हेडलाइन्स बन जाती है। इस माहौल में यूएनआई का दफ्तर सील करना और वहां मौजूद पत्रकारों से बदसलूकी आम खबर की तरह आई और चली भी गई। गौरतलब है कि दिल्ली में संसद भवन के पास 9 रफी मार्ग पर लगभग 5,289.52 वर्ग मीटर जमीन दशकों पहले यूएनआई को सरकार ने लीज पर दी थी। इस जमीन की अनुमानित कीमत मौजूदा दर 7.74 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 409 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार ने यह जमीन संयुक्त कार्यालय परिसर विकसित करने के यूएनआई को दी थी, लेकिन कम से कम 40 साल बीतने के बाद भी वहां कोई निर्माण नहीं हुआ। सरकार का कहना है कि यूएनआई कार्यालय का निर्माण नहीं कर सका, जो आवंटन पत्र में तय शर्तों का उल्लंघन है। जिसके बाद आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाले लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 12 जनवरी 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद 29 मार्च 2023 को आवंटन रद्द कर दिया था। न्यूज एजेंसी ने इस रद्दीकरण को अदालत में चुनौती दी थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वित्तीय कमी और लंबित मंजूरियों को देरी का कारण बताने वाले उसके तर्कों को खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि चार दशकों से अधिक समय तक भवन का निर्माण न करना आवंटन की शर्तों का गंभीर उल्लंघन है। शुक्रवार को ही यह फैसला आया और इसी शाम को ही कुछ वकील और दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ परिसर पहुंच गए। अदालत का फैसला और उसके मुताबिक कानूनी कार्रवाई तो सही है, लेकिन यहां असली सवाल पुलिस के रवैये का है। जिस तरह एक मीडिया संस्थान से कर्मचारियों को निकाला गया, वैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो आए हैं, जिनमें यूएनआई परिसर में बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं और पत्रकारों-कर्मचारियों से दफ्ष्तर खाली करने को कह रहे हैं। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि दफ्ष्तर खाली कराने में कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया और कुछ भी गलत नहीं हुआ, क्योंकि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई थी। लेकिन यूएनआई ने अपनी पोस्ट में एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उसके दफ्तर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं और कर्मचारी आरोप लगा रहे हैं कि उनके साथ धक्का-मुक्की हो रही है।

# वैश्विक ऊर्जा संकट 1970 के दशक से भी भयंकर और भारत

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को अभूतपूर्व संकट में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल द्वारा दी गई चेतावनी कि यह संकट 1970 के दशक के तेल संकट से भी अधिक गंभीर हो सकता है, वर्तमान स्थिति की भयावहता को रेखांकित करती है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अस्थिर कर दिया है, जिससे ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता चरम पर पहुंच गई है। इतिहास में पीछे जाएं और 1970 के दशक को देखें तो ध्यान में आता है कि उस दौरान भी तेल संकट मुख्यतः उत्पादन में कटौती और राजनीतिक दबावों के कारण उत्पन्न हुआ था, किंतु उस तुलना में वर्तमान संकट कहीं अधिक जटिल है। इसमें सैन्य संघर्ष, समुद्री मार्गों पर खतरा, साइबर और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे कई आयाम शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को दी गई सख्त चेतावनी कि यदि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को नहीं खोला गया तो ईरानी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जाएगा ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। इसी के समानांतर, इजराइल ने भी अपने सैन्य अभियानों को तेज किया है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ गई है। मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को भी बाधित किया है। जबकि ये सर्वविदित है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' विश्व के कुल तेल और गैस परिवहन का लगभग 20 फीसद वहन करता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का अर्थ है वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल। वर्तमान संघर्ष के कारण कई टैंकर इस मार्ग से गुजरने में असमर्थ रहे हैं और सैकड़ों जहाज खाड़ी में लंगर डाले प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस स्थिति के चलते वर्तमान में ऊर्जा कीमतों में अस्थिरता, परिवहन लागत में वृद्धि और वैश्विक मुद्रास्फीति के बढ़ने का भी संकेत लगतार मिल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) सदस्य देशों ने 40 करोड़ बैरल तेल अपने रणनीतिक भंडार से जारी करने का निर्णय लिया है। यह कदम बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने का प्रयास है, किंतु यदि संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह उपाय भी सीमित साबित हो सकता है। भारत, जोकि अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इस संकट से सीधे प्रभावित होने वाला देश है। फिर भी, इस संकट के दौरान भारत ने जिस प्रकार बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है, वह उल्लेखनीय है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीति, सैन्य तैयारी और आर्थिक प्रबंधन का संतुलित समन्वय प्रस्तुत किया है। जहां कई देश केवल प्रतिक्रिया देते नजर आए, वहीं भारत ने सक्रिय नीति अपनाते हुए संकट को अवसर में बदलने का प्रयास किया। भारत ने इस पूरे संघर्ष में किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करने के बजाय संतुलित कूटनीति अपनाई। ईरान, खाड़ी देशों और पश्चिमी शक्तियों के साथ संवाद बनाए रखते हुए भारत ने अपने जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया। इस नीति का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि भारत की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह बाधित नहीं हुई। साथ ही, वैश्विक मंच पर भारत की छवि एक जिम्मेदार और विश्वसनीय शक्ति के रूप में मजबूत हुई। भारत ने संकट के शुरुआती चरण में ही अपनी नौसेना को सक्रिय कर दिया। संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों में एस्कॉर्ट ऑपरेशन चलाए गए, जिससे भारतीय टैंकरों को सुरक्षित मार्ग मिल सका। 'जग लाडकी', 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' जैसे टैंकरों की सुरक्षित वापसी इस रणनीति की सफलता का प्रमाण है। इन जहाजों के माध्यम से कच्चे तेल और एलपीजी की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हुई, जिससे देश में ऊर्जा संकट टल गया। एक तरह से देखा जाए तो ऊर्जा संकट के दौरान सबसे बड़ा खतरा आपूर्ति में कमी नहीं, ल्लघबराहटङ्क होता है। भारत ने इसे समझते हुए आपूर्ति प्रबंधन को प्राथमिकता दी। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी, जबकि औद्योगिक उपयोग को नियंत्रित किया गया। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की गई। परिणामस्वरूप, देश में गैस और ईंधन की व्यापक कमी या सामाजिक असंतोष देखने को नहीं मिला। वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद भारत ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को अपेक्षाकृत नियंत्रित रखा। यह संभव हुआ कर नीति, वैकल्पिक स्रोतों से आयात और कुशल आपूर्ति प्रबंधन के कारण। इस नीति का सकारात्मक प्रभाव यह हुआ कि महंगाई पर नियंत्रण बना रहा और आर्थिक गतिविधियां बाधित नहीं हुईं। जहां कई देशों में ऊर्जा संकट ने अर्थव्यवस्था को झटका दिया, वहीं भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा। यहां उल्लेखित है कि पिछले एक दशक में भारत ने ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। रूस, अमेरिका और अन्य देशों से आयात बढ़ाने की नीति ने इस संकट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसका परिणाम यह हुआ कि किसी एक क्षेत्र में संकट आने के बावजूद भारत की ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह बाधित नहीं हुई। यह रणनीति भविष्य के लिए भी ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत आधार तैयार करती है। संकट प्रबंधन में डिजिटल तकनीक का उपयोग भी भारत की सफलता का एक प्रमुख कारण रहा। रियल-टाइम डेटा के माध्यम से आपूर्ति और वितरण की निगरानी की गई, जिससे त्वरित निर्णय लेना संभव हुआ। राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान किया गया। इससे संकट अराजकता में परिवर्तित नहीं हुआ और व्यवस्था बनी रही। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारत एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में उभरा है। वैश्विक नेताओं द्वारा यह संकेत दिया जाना कि भारत इस संघर्ष को कम करने में भूमिका निभा सकता है, उसकी बढ़ती कूटनीतिक शक्ति का प्रमाण है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य की अस्थिरता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक विश्व में ऊर्जा सुरक्षा उनके प्रबंधन और रणनीतिक नियंत्रण का विषय है। इस संकट के बीच भारत ने जिस प्रकार संतुलित कूटनीति, सैन्य तैयारी, आर्थिक नीति और प्रशासनिक दक्षता का समन्वय किया, वह एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करता है। भविष्य में, जैसे-जैसे वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव बढ़ेंगे, ऊर्जा सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। ऐसे में भारत की रणनीति उसे संकट से उबारने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि कहना होगा कि उसे वैश्विक मंच पर एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फिलहाल तो यही नजर आ रहा है। -डॉ. मयंक चतुर्वेदी

इतिहास में पीछे जाएं और 1970 के दशक को देखें तो ध्यान में आता है कि उस दौरान भी तेल संकट मुख्यतः उत्पादन में कटौती और राजनीतिक दबावों के कारण उत्पन्न हुआ था, किंतु उस तुलना में वर्तमान संकट कहीं अधिक जटिल है। इसमें सैन्य संघर्ष, समुद्री मार्गों पर खतरा, साइबर और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे कई आयाम शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान को दी गई सख्त चेतावनी कि यदि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को नहीं खोला गया तो ईरानी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जाएगा ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। इसी के समानांतर, इजराइल ने भी अपने सैन्य अभियानों को तेज किया है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ गई है। मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को भी बाधित किया है। जबकि ये सर्वविदित है कि 'होर्मुज जलडमरूमध्य' विश्व के कुल तेल और गैस परिवहन का लगभग 20 फीसद वहन करता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का अर्थ है वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल। वर्तमान संघर्ष के कारण कई टैंकर इस मार्ग से गुजरने में असमर्थ रहे हैं और सैकड़ों जहाज खाड़ी में लंगर डाले प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस स्थिति के चलते वर्तमान में ऊर्जा कीमतों में अस्थिरता, परिवहन लागत में वृद्धि और वैश्विक मुद्रास्फीति के बढ़ने का भी संकेत लगतार मिल रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) सदस्य देशों ने 40 करोड़ बैरल तेल अपने रणनीतिक भंडार से जारी करने का निर्णय लिया है। यह कदम बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने का प्रयास है, किंतु यदि संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह उपाय भी सीमित साबित हो सकता है। भारत, जोकि अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है, इस संकट से सीधे प्रभावित होने वाला देश है। फिर भी, इस संकट के दौरान भारत ने जिस प्रकार बहुस्तरीय रणनीति अपनाई है, वह उल्लेखनीय है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीति, सैन्य तैयारी और आर्थिक प्रबंधन का संतुलित समन्वय प्रस्तुत किया है। जहां कई देश केवल प्रतिक्रिया देते नजर आए, वहीं भारत ने सक्रिय नीति अपनाते हुए संकट को अवसर में बदलने का प्रयास किया। भारत ने इस पूरे संघर्ष में किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करने के बजाय संतुलित कूटनीति अपनाई। ईरान, खाड़ी देशों और पश्चिमी शक्तियों के साथ संवाद बनाए रखते हुए भारत ने अपने जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया।

# दंडनीय अपराध घोषित हो सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

स्वस्थ लोकतंत्र में जहाँ जियो और जीने दो की भावना सर्वोपरि होनी अपेक्षित हैं, वही आम नागरिक अपने नागरिक दायित्वों की अवहेलना करने में पीछे नहीं है, जिसके चलते सार्वजनिक मार्गों तथा स्थलों पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। कहना गलत न होगा, कि छोटी छोटी गलियों से लेकर बड़े सार्वजानिक मार्गों पर भवन निर्माण करते हुए अतिक्रमण किए जाने के अनेक किस्से प्रकाश में आते हैं। गली मुहल्लों में संबंधित नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों की लापरवाही के चलते लोगों ने अपने मुख्य द्वार के सम्मुख डेढ़ से तीन फिट तक सड़क पर अतिक्रमण करने को अपना मौलिक अधिकार मान लिया है। सड़क के किनारे नालियों पर अतिक्रमण करना तो जैसे उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। जिस कारण मुहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों तक अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे होते जा रहे हैं। यदा कदा अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाए भी जाते हैं, लेकिन वे ऊँट के मुंह में जीरे के समान ही सिद्ध होते हैं। कारण स्पष्ट है, कि कहीं अतिक्रमण के समर्थन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि खड़े हो जाते हैं, कहीं अतिक्रमणकारियों की दबंगई। एक बात और चिंतनीय है, कि प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की लापरवाही से भी यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। वस्तुस्थिति यह है कि कहीं कहीं पारिवारिक उत्सवों के लिए मुख्य मार्गों पर तम्बू लगाकर अस्थाई अतिक्रमण करने में कुछ लोग सक्रिय रहते हैं, कहीं बारह फिट की गलियों में दोनों ओर ढाई या तीन फिट का सड़क पर अतिक्रमण करके सड़कों को संकरा कर दिया जाता है। बहुधा धार्मिक स्थलों के नाम पर अतिक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। आवास विकास एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा बनाई गई कॉलोनियों में भी लोग धार्मिक आधार पर अतिक्रमण करने में पीछे नहीं रहते। ऐसे में आम आदमी की क्या बिसात कि वह अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कोई कार्यवाही कर सके। कहने के कुछ प्रदेशों में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ घोषित किया जाता है, किन्तु वास्तविक धरातल पर स्थिति सर्वथा प्रतिकूल ही प्रतीत होती है। ऐसे में आवश्यक है, कि किसी भी नगर या महानगर में प्राथमिक आधार पर सड़क घेर कर किये जाने वाले आयोजन प्रतिबंधित हों तथा किसी संपर्क मार्ग पर सड़क पर किये जाने वाले किसी भी अतिक्रमण को तुरंत हटाने की कार्यवाही की जाए। यही नहीं सार्वजानिक मार्गों व सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण दंडनीय अपराध घोषित हो, ताकि कोई भी नागरिक किसी भी सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण करने का दुस्साहस सके।

गली मुहल्लों में संबंधित नगर निकायों, विकास प्राधिकरणों की लापरवाही के चलते लोगों ने अपने मुख्य द्वार के सम्मुख डेढ़ से तीन फिट तक सड़क पर अतिक्रमण करने को अपना मौलिक अधिकार मान लिया है। सड़क के किनारे नालियों पर अतिक्रमण करना तो जैसे उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। जिस कारण मुहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों तक अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे होते जा रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# शुगर कंट्रोल करने में कारगर साबित होता है अखरोट का तेल

डायबिटीज यानी मधुमेह के मरीजों की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हो रहा है। खासकर भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। इस बीमारी में रक्त में शुगर यानी शर्करा स्तर बढ़ जाता है और अग्नाशय से इंसुलिन निकलना बंद हो जाता है। इंसुलिन एक हार्मोन है, जिसका काम शरीर में मौजूद भोजन को ऊर्जा में तब्दील करना है। डायबिटीज के चलते शरीर में ऊर्जा का संचरण नहीं होता है। विशेषज्ञों की मानें तो व्यक्ति अपनी डाइट में जो भी कार्बोहाइड्रेट्स लेता है। उनमें ग्लूकोज़ की अधिकता होती है और जब यह ग्लूकोज टूटता है, तो इंसुलिन हार्मोन ग्लूकोज का इस्तेमाल ऊर्जा उत्पादन के लिए करता है। अगर आप भी डायबिटीज के मरीज हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल करना चाहते हैं, तो अखरोट के तेल का सेवन कर सकते हैं। कई शोध में खुलासा हो चुका है कि अखरोट का तेल डायबिटीज में फायदेमंद साबित होता है। एक शोध में अखरोट तेल के फायदे को बताया गया है। यह शोध खासकर डायबिटीज के मरीजों पर किया गया है। इस शोध में 100 लोगों को शामिल किया गया था। वहीं, एक ग्रुप के मरीजों को लगातार तीन महीने तक रोजाना 15 ग्राम अखरोट के तेल का सेवन करने की सलाह दी गई। इसका परिणाम संतोषजनक रहा है। इस शोध के जरिए खुलासा हुआ है कि अखरोट का तेल ब्लड शुगर कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपनी डाइट में अखरोट के तेल को शामिल कर सकते हैं। हालांकि, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के उच्च रक्तचाप और वजन में कोई बदलाव नहीं पाया गया है। इसके अलावा, अखरोट में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से सांस लेने में आने वाली तकलीफों से निजात मिलता है। साथ ही अस्थमा से लड़ने में शरीर की मदद करता है।

डिस्क्लेमरः स्टोरी के टिप्स और सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन्हें किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफ़ेशनल की सलाह के तौर पर नहीं लें। बीमारी या संक्रमण के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## धर्म मंत्र

# शुक्रवार को पूजा कर प्रसन्न करें माता पार्वती को

किसी भी पूजा के पहले शुद्ध मन से उसका संकल्प करना जरूरी है। इसीलिए जब देवी पार्वती का भी पूजन शुक्रवार को करें तो पहले उसका सकंल्प लें। इसके लिए हाथों में जल, फूल व चावल लें, अब जिस दिन पूजन कर रहे हैं उस वर्ष, वार, तिथि स्थान और अपने नाम का स्मरण करते हुए अपनी मनाकामना को दोहरायें। अब हाथों में ली हुई सामग्री को को जमीन पर छोड़ दें। आपका संकल्प पूरा हुआ अब पूजा की शुरूआत करें। प्रत्येंक पूजा में गणपति का प्रथम स्थान माना जाता है और माता पार्वती तो श्री गणेश की माता है तो उन्हें इसकी सर्वाधिक प्रसन्नता होगी ही। इसके लिए सबसे पहले गणेश जी को स्नान करा कर वस्त्र अर्पित करें, अब उन्हें गंध, पुष्प और अक्षत अर्पित करें। इसके बाद देवी पार्वती का पूजन शुरू करें। पूजा के लिए पार्वती जी की मूर्ति भगवान शिव के बायीं और स्थापित करें। इस मूर्ती में माता का आवाहन करें और उन्हें शुद्ध जल से स्नान करा कर सुंदर वस्त्र पहनायें। इसके बाद मूर्ती को आसन पर स्थापित करें। अब देवी को आभूषण पहनाएं, फिर पुष्प और पुष्पमाला पहनाएं। इसके बाद सुगंधित इत्र अर्पित करें। बिंदी लगायें और सिंदूर अर्पित करें। धूप, दीप चढ़ाने के साथ फूल और चावल भी अर्पित करें। इसके बाद दीपक प्रज्जवलित करके माता की आरती करें। अब भोग लगायें। देवी पार्वती की पूजा में इन मंत्रों का जाप अवश्य करें, 'ऊं गौर्ये नमः'' और ''ऊं पार्वत्यै नमः।

## पर्यटन



# बद्रीनाथजी के दर्शनों के बाद जरूर घूमिये आसपास के इलाकों में

उत्तराखंड को देवों की भूमि भी कहा जाता है। इस राज्य में ख्यातिप्राप्त तीर्थस्थल तो हैं ही साथ ही इस राज्य की प्राकृतिक सौंदर्य भी देखते ही बनता है। इस राज्य की खूबसूरती का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उत्तराखंड की प्रमुख आय का स्त्रोत पर्यटन ही है। खूबसूरत स्थलों और तीर्थस्थलों का जिक्र आए और बद्रीनाथ का उल्लेख न हो। ऐसा हो ही नहीं सकता क्योंकि हिन्दुओं के लिए बद्रीनाथ आस्था का प्राचीन केन्द्र है। इस तीर्थस्थल की खासियत यह है कि यह न सिर्फ अपनी महिमा बल्कि अपने अलौकिक सौंदर्य के कारण भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां आने पर आप देखेंगे कि किस प्रकार सैलानी आसमान की ऊंचाइयों को छूते पहाड़ तथा नर व नारायण की गोद में स्थित इस जगह पर सुनहरे शिखरों व घाटियों की सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यहां पर अलकनंदा नदी की घाटी के बीच में बहते हुए कलकल करते जल की आवाज सुनकर आपको एक मधुर संगीत सुनने-सा आभास होगा। यहां पर पहाड़ों की आड़ में विशाल मंदिर की स्थापत्य कला तो देखने योग्य है। लगभग 3,133 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बद्रीनाथ धाम मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। मंदिर के निकट ही गर्म जल के सोते भी हैं। इन सोतों में स्नान करने का अपना अलग ही मजा है। इन सोतों के जल की खास बात यह है कि यह आपकी थकान को क्षण भर में दूर कर देता है। पूर्व में भले ही बद्रीनाथ की यात्रा कठिन हुआ करती थी लेकिन अब यहां पर काफी विकास हुआ है और यात्रियों के लिए अनेक सुविधाएं प्रशासन की ओर से मुहैया कराई गई हैं। अब सड़क बन जाने से यहां की यात्रा बहुत ही सुविधाजनक हो गई है। आप जब यहां आए ही हैं तो यहां के दर्शनीय स्थलों को देखना मत भूलिए। बद्रीनाथ धाम के आसपास कई खूबसूरत झीलें और मनोहारी ताल भी मौजूद हैं। जिनमें आप नौकायन का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

# मछली पालन की आड़ में बनाया टूरिस्ट स्पॉट

## अवैध निर्माण चला बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




फतेहपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्राम सैंदर में अवैध रूप से संचालित 'एक्वा पाम आयलैंड' प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई कर पूरे परिसर को खाली करा दिया। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय तथा कोतवाल बेचू सिंह यादव की मौजूदगी में कार्यवाही संपन्न हुई।

जानकारीअनुसार वर्ष 2022-23 में उक्त तालाब को मात्र मछलीपालन हेतु डिकोलिया गांव निवासी शिवराज रावत को पट्टे पर दिया गया था। लेकिन बाद में मछली पालन की आड़ में यहां अवैध रूप से टूरिस्ट स्पॉट विकसित कर लिया गया।बीते दो वर्षों से यहां होटल, बोटिंग, पार्क सहित अन्य मनोरंजन सुविधाएं संचालित की जा रही थीं।

बताया गया कि 'एक्वा पाम आयलैंड' में प्रवेश के लिए प्रति व्यक्ति करीब 100 रुपये तक वसूले जा रहे थे।

एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि सैंदर का तालाब अब भूमि प्रबंधक समिति को सौंप दिया गया है। इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या गतिविधि पूरी तरह गैरकानूनी मानी जाएगी।

## पारिवारिक वाद, प्रधान न्यायाधीश ने दिए जरूरी निर्देश! कहा अनुपालन आवश्यक

बाराबंकी। पारिवारिक न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश बंदना सिंह प्रथम में कुछ जरूरी निर्देश जारी कर अधिवक्ताओं वा लिपिक वर्ग से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। आदेश संख्या 23/2026 निर्गत कर न्यायाधीश बंदना सिंह ने कहा है कि प्रायः देखा जाता है कि वाद पत्र/प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते समय लोग पूर्व में चले मुकदमे वा उसके परिणाम का ब्योरा अंकित नहीं करते है,जबकि यह आवश्यक है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पारुल त्यागी बनाम गौरव त्यागी नामक याचिका में दी गई विधि व्यवस्था का उल्लेख करके कहा कि उच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया है कि केश फाइल करते समय पच्चकारों के नाम तथा वर्तमान पता,मोबाइल नम्बर, मैल यदि हो तो अंकन किया जाना जरूरी है। न्यायालय ने इस सम्बंध में जिला बार को पत्र भेजकर अधिवक्ताओं से पूर्ण विवरण के साथ ही वाद पत्र प्रार्थना पत्र न्यायालय के कार्यालय में प्रस्तुत करें।इसी के साथ न्यायाधीश बंदना सिंह ने अपने कार्यालय प्रभारी को भी सचेत किया है कि अपूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत वाद पत्रों/प्रार्थना पत्रों पर अपनी आपत्ति अंकित करे।

# भेदभाव बिना मावेशी शिक्षा को दें बढ़ावा : फिज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । कंपोजिट विद्यालय परसा में परिषदीय विद्यालयों के सहायक अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में संतोष भारती मुख्य संदर्भदाता के रूप में उपस्थित रहे।शिवम वर्मा और नीरज मिश्रा ने दृष्टि दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी वातावरण तैयार करने, उनके दैनिक क्रियाकलापों, गतिशीलता, ब्रेल लिपि, पठन-लेखन और सुगम्य छड़ी के उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।वहीं, नीरज मिश्रा ने श्रवण एवं वाक दिव्यांग बच्चों के लिए श्रवण यंत्र की उपयोगिता, सांकेतिक भाषा के महत्व और शीघ्र हस्तक्षेप की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इन बच्चों के समुचित समावेशन पर विशेष बल दिया।

संदर्भदाता सवितानंद मिश्र ने दिव्यांगता के कारणों की पहचान और उनके निवारण के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रस्त बच्चों के समावेशन पर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के मुख्य संदर्भदाता संतोष भारती ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यालयों में अध्ययनरत सभी बच्चों के साथ बिना किसी भेदभाव के समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दें।इस प्रशिक्षण में नवीन कुमार मिश्रा, दिलीप तिवारी, रुद्र प्रताप पाण्डेय, अर्चना मिश्रा, कंचन सिंह, शेखर रस्तोगी, पीयूष कुमार, आशीष गौरव, अंजू मौर्य, सुधा गुप्ता, शीतल सिंह, शिप्रा रानी, संचिता चक्रवर्ती, दिलावर, विनोद कुमार, पवन कुमार, रुचि गुप्ता, रिंकी मिश्रा और अनिल सिंह सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### मैजिक का टायर फटा मासूम समेत सात जख्मी

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर सवारियां लेकर जा रही एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन का पिछला टायर फट गया। टाटा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी।वाहन में सवार सात लोग जख्मी हुए। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लखनऊ के टेढ़ी पुलिया से मंगलवार को एक टाटा मैजिक वाहन सावरियों को लेकर सीतापुर जनपद के महमूदाबाद जा रही थी।हाजीपुर गांव के निकट पहुंचने पर टाटा मैजिक का पिछला पहिया फट गया।वाहन तेज रफ्तार में होने के चलते चालक नियंत्रित नहीं कर सका और सड़क से नीचे जाकर खाई में पलट गया। चीख पुकार सुनकरआस–पास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने एक–एक कर सभी को वाहन से बाहर निकाला।हादसे में वाहन में सवार महमूदाबाद निवासी महेश प्रसाद 45 वर्ष , विमला देवी 40 वर्ष, जय देवी 65 वर्ष ,आरिफ 26 वर्ष , साबिया 48, नुसरा 05 वर्ष ,शमी 19 वर्ष आदि चोटिल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से समुदाय स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी दूसरे साधन से अपने गंतव्य को चले गए।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत बड़गांव के मोहल्ला नालीपार स्थित मंदिर पर सोमवार से शुरु हुई सात दिवसीय भगवतकथा से पूर्व कथा स्थल से भव्य कलशयात्रा निकाली गयी जो पड़रिया घाट कल्याणी नदी से जल लाकर पूरे गाँव मे भर्मण करते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। कलश यात्रा मढीटोला दुर्गा मंदिर पूरब टोला हनुमान मंदिर मँझपटिया स्थित काली मंदिर होते हुए कथास्थल पहुंची। इससे पूर्व कलशयात्रा मसौली चौराहे पर अमीर गुलाल उड़ते हुए भक्ति गीतों पर थिरकती युक्तियां व युवको ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कल्याणी नदी से जल भरकर पुन कलश यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जहां पर नैमिषशरण से आये आचार्य सचिन महाराज व आशीष महाराज आदि आचार्यो के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश स्थापना हुई । कथावाचक उमेश महाराज जी ने कहा कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है। यह भगवान के प्रति भक्ति को गहरा करता है और व्यक्ति को मोक्ष की ओर ले जाता है। फिर आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया । इस मौके पर कथा आयोजक श्रवण कुमार किशन रस्तोगी, मास्टर सुरजन यादव, नरेंद्र चौहान, राजेंद्र यादव, कल्लूराम यादव, विनीत यादव कृष्ण कुमार मोनू कश्यप राजमल रावत सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

### लापता युवक का फोन हेलमेट कुएं में बरामद, परिजन विकल

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुशफर निवासी चेतराम पुत्र भगौले का 25 वर्षीय पुत्र अनुप कुमार मटियारी लखनऊ में एक कम्पनी मे काम करता था सोमवार की देर शाम करीब 4 बजे परिजनों से बात हुई इसके बाद अनुप का मोबाइल बंद हो गया मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर विग्रेड व सफदरगंज पुलिस ने अनुप की बाईक नम्बर यूपी 32 एन बी 0424, मोबाइल फोन, पर्स, हेलमेट व कपड़े सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत उधौली ओवरब्रिज के निकट कुए से बरामद की परन्तु युवक का पता नहीं चल सका जिससे परिजन किसी अनहोनी घटना को आशंकित हैं । थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मंगलवार की सुबह जानकारी मिली कि एक कुए मे बाईक पड़ी हुई फायर विग्रेड की मदद से कुए से बाईक, कपड़े, मोबाइल फोन, पर्स , हेलमेट, कपड़े बरामद हुए सूत्रों से जानकारी मिली है कि युवक इससे पूर्व भी दो बार घर से गायब हो चुका है बहरहाल युवक की तलाश की जा रही है ।

### षष्ठम तिथि पर शक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर में मां कात्यायनी का भव्य श्रृंगार किया

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चैत्र नवरात्रि की षष्ठम तिथि पर शक्ति धाम महादेव तालाब मंदिर में मां कात्यायनी का भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौकेपर मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग–बिरंगी झालरों से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। छठे दिन विधि–विधान से विशेष पूजा–अर्चना, मंत्रोच्चारण और हवन का आयोजन किया गया। भक्तों ने मां के चरणों में पुष्प अर्पित कर सुख–समृद्धि की कामना की। शाम को आयोजित भव्य आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से मां का गुणगान किया। मंदिर के पुजारी आदेश पाठक ने बताया कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन मां के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लेने की अपील की।पूरे कार्यक्रम दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रहीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। पंचमी के दिन आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### कार सवार दो गंभीर रूप से घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेलहरा–रोड पर बिहुरा चौराहे के पास देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, तीन अन्य को मामूली चोटें आईं। .जानकारी अनुसार देवा थाना छेत्र के ग्राम सालेहनगर निवासी राम गोपाल, राम मनोहर व अन्य लोग तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से उनकी कार की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा–तफरी मच गई। राहगीरो ने सभी घायलों को तत्काल फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राम गोपाल और राम मनोहर की हालत गंभीर बताई।अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना बाद कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिरौली गौसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पांच टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। साथ ही, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार रावत, मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी, जिला कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य संतोष पांडे और रामसागर कनौजिया बतौर अतिथि मौजूद रहे। सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ. आरिफ और डॉ. देव प्रताप सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ. आरिफ ने टीबी मरीजों और उनके परिजनों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित उपचार से टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। डॉ. आरिफ ने टीबी मरीजों से दूरी बनाने की गलत धारणा को दूर करते हुए कहा कि समय पर उपचार सुनिश्चित करना अधिक महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में मुड़ियाडीह के प्रधान दिग्विजय सिंह यादव, परसा द्वितीय की शोभा वर्मा, तारापुर के पंकज वर्मा, पीठापुर, सिरौलीगुंग और अकबरपुर सहित आठ प्रधानों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान पर्यवेक्षक शमशेर सिंह, चंद्रेश वर्मा, अभय सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।

# हैदरगढ़ में लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न, नई टीम को मिली जिम्मेदारी



**अभिषेक वर्मा अध्यक्ष व राहुल कनौजिया मंत्री बने, कई पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा हैदरगढ़ के कार्यकारिणी चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अधिकांश पदों पर निर्विरोध चयन होने से संगठन में एकजुटता का संदेश देखने को मिला। घोषित परिणामों के अनुसार अभिषेक वर्मा को अध्यक्ष और राहुल कनौजिया को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं राजेन्द्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती रजनी तिवारी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, शनिकान्त उप मंत्री, नवकान्त श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष तथा शिवकरन सिंह ऑडिटर पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

चुनाव अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी लेखपालों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगी।

# ग्राम रोजगार सेवक वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम रोजगार सेवक वेलफ़ेयर एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर ने खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में मंगलवार को दिया गया। इसमें ईपीएफ की लंबित धनराशि जमा कराने, बकाया मानदेय और अन्य विभागों के कार्यों के पारिश्रमिक के भुगतान की मांग की गई है।अजय यादव ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों के मानदेय से हर महीने ईपीएफ की राशि काटी जा रही है। हालांकि, यह राशि संबंधित कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं की जा रही है। कर्मचारियों ने इस संबंध में कई बार मौखिक रूप से कार्यालय को सूचित किया है, लेकिन उन्हें अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि रोजगार सेवकों की नियुक्ति मूल रूप से मनरेगा से संबंधित कार्यों के लिए की गई थी। इसके बावजूद, पिछले कुछ समय से उनसे अन्य विभागों के कार्य भी लिए जा रहे हैं। इनमें एग्रीस्टैक सर्वे, बोरिंग संगणना और बीएलओ के कार्य प्रमुख हैं।कर्मचारियों का कहना है कि वे इन सभी अतिरिक्त कार्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं। हालांकि, इन कार्यों का पारिश्रमिक अभी तक उन्हें नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त, उनका कई महीनों का मानदेय भी बकाया है। खंड विकास अधिकारी से अनुरोध किया है कि सभी बकाया मानदेय और अतिरिक्त कार्यों का पारिश्रमिक जल्द से जल्द दिलाया जाए। इस अवसर पर,जितेंद , मोहम्मद शकील, अमरेश ,पुत्तीलाल, सुभाष, अर्जुन,जितेंद वर्मा,अशोक नाग,संध्या मौर्य, शालिनी मिश्रा ,दिलीप मौर्य, लवलेश रामकेवल सहित तमाम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों को सीएचसी अधीक्षक ने सम्मानित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त पंचायतों के उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु संबंधित ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र तथा महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान कर सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ ने सम्मानित किया।

बताते चले की ग्राम पंचायत छुलाहाबानी की ग्राम प्रधान श्रीमती, ग्राम पंचायत हेतेमपुर के ग्राम प्रधान दिनेश रावत, ग्राम पंचायत सूर्यपुर खपरैला के प्रधान को टीबी उन्मूलन में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन पंचायतों द्वारा टीबी मुक्त अभियान में सक्रिय सहयोग, जनजागरूकता तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, जिसके फलस्वरूप इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया।

ग्राम प्रधानों को सम्मानित करते हुए सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ ने बताया कि टीबी मुक्त हो चुके हैं इन गांवों में पिछले एक साल से अधिक समय से टीबी के नए मरीज नहीं मिले हैं। पहले से चिहि्नत मरीजों के स्वस्थ होने की दर भी अच्छी है। स्वास्थ्य विभाग अब इन गांवों को टीबी मुक्त घोषित कर दिया है। इन गांवों के प्रधानों को सम्मानित किया गया है। लगातार अभियान चलाकर नए मरीज ढूंढे जा रहे हैं तो चिहि्नत मरीजों को निशुल्क दवा, खानपान के लिए एक हजार रुपये की मदद भी दी जा रही है। मरीजों को ढूंढने में मदद करने वालों को भी सरकार प्रोत्साहन राशि दे रही है तथा इन गांवों में पहले से चिहि्नत टीबी मरीजों और उनके संपर्क में आने वालों की लगातार निगरानी कराई जा रही है।

# अवैध खनन कर रहा है ट्रैक्टर ट्राली सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के जदवापुर गांव में अवैध मिट्टी खनन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को राजस्व टीम ने जब्त किया है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर टिकैतनगर कोतवाली को सौंप दिया। इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।राजस्व प्रशासन को मंगलवार को सूचना मिली थी कि जदवापुर गांव में दिनदहाड़े अवैध तरीके से ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, लेखपाल प्रदीप वर्मा और लेखपाल रामकरण सहित अन्य राजस्व कर्मचारी मौके पर पहुंचे।टीम ने पाया कि जदवापुर के एक खेत में ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी खनन हो रहा था और 4-5 मजदूर मिट्टी लाद रहे थे। राजस्व टीम को देखते ही मजदूर वहां से फरार हो गए। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टिकैतनगर थाने में सुपुर्द कर दिया। लेखपाल ने कोतवाली टिकैतनगर में शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिया है।नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया गया है।कोतवाली टिकैतनगर के प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी दी कि राजस्व टीम द्वारा पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# योगी सरकार ने 9 वर्षों में श्रमिकों के उत्थान की लिखी नई इबारत, प्रदेश के करोड़ों श्रमिकों को मिला संबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते 9 वर्षों में श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक एवं बहुआयामी प्रयास किए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ल्लश्रमेव जयतेङ्क की भावना को केंद्र में रखते हुए संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनके सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के श्रमिकों को आर्थिक और सामाजिक संबल प्राप्त हुआ। यही नहीं, वर्तमान में प्रदेश के नव निर्माण के आधार श्रमिक मुख्यमंत्री के विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने की दिशा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व के 9 वर्षों में प्रदेश में श्रमिकों के सशक्तीकरण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के मामले में यूपी का देश में प्रथम स्थान पर पहुंचना रहा। इसके तहत यूपी में ई-श्रम पोर्टल पर अब तक 8.42 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। ई-श्रम पोर्टल न केवल श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करता है, बल्कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी आधार बनता है। इसके साथ ही प्रदेश में 9.52 करोड़ से अधिक श्रमिकों के जनधन खाते खोले गए हैं, जिससे उन्हें सीधे आर्थिक सहायता प्रदान करना संभव हुआ है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उ.प्र. रोजगार मिशनङ्क का गठन किया, जिसके तहत युवाओं को देश और विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रोजगार मिशन के तहत प्रदेश के 5,978 से अधिक निर्माण श्रमिकों को विदेश (इज़राइल) में रोजगार दिलाया गया है। वहीं, सेवामित्र पोर्टल पर 59,602 कुशल श्रमिकों का पंजीकरण कर उन्हें सेवाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया है। इसी क्रम में निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए आयोजित 13,148 रोजगार मेलों के माध्यम से 15.96 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी के अवसर मिले हैं। इसके अतिरिक्त 28,621 करियर काउंसलिंग कार्यक्रमों के जरिए 32 लाख से अधिक युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। सरकार का उद्देश्य न केवल रोजगार देना है, बल्कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण व अन्य सहयोग प्रदान कर स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बनाना है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में श्रमिकों को सामाजिक एवं जीवन सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। इस क्रम में पंजीकृत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने की स्थिति में 5 लाख रुपये, सामान्य मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रूपये की सहायता दी जा रही है। यही नहीं, अपंजीकृत असंगठित श्रमिकों के लिए भी सरकार ने सुरक्षा का दायरा बढ़ाया है। दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये, जबकि आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इसके अलावा विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये से 4 लाख रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। वहीं कार्यस्थल पर मृत्यु हो जाने की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता और अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की ओर से श्रमिक परिवार के सदस्यों के सामाजिक कल्याण की दिशा में भी कई योजनाएं लागू की गई हैं। इनके तहत पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह के लिए 55 हजार रूपये तक की सहायता, अंतरजातीय विवाह पर 61 हजार रूपये की सहायता देने का प्रावधान है। वहीं मातृत्व, शिशु एवं बालिका सहायता योजना के अंतर्गत 6 लाख रूपये से अधिक लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जा चुकी है।

## दो अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

निंदूरा बाराबंकी। स्वाट, सर्विलांस व थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो अंतरजनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10,500 नगद, एक बैग, एक कूटरचित नम्बर प्लेट, घटना में प्रयुक्त दो ब्लेड के टुकड़े और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कनौजिया के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। मैनुअल इंटेलिजेंस और डिजिटल डेटा की मदद से पुलिस टीम ने अभियुक्त दीपक कंजड़ (पुत्र स्व. संतराम) व गोबिन्द (पुत्र शिवदयाल), निवासी ग्राम ओमपुरी नानकगंज झाला, थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई, को बाबाकुटी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# श्रीलंका ने आईपीएल के लिए ईशान मलिंगा को मंज़ूरी दी

## हसरंगा और पथिराना को इंतज़ार करना पड़ेगा

एजेंसी




कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने ईशान मलिंगा को आईपीएल में हिस्सा लेने की मंज़ूरी दे दी है, लेकिन बाकी तीन ऽ नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना ऽ के बारे में अभी कोई अपडेट नहीं है, जो 28 मार्च से शुरू होने वाली लीग में हिस्सा लेने के लिए अभी भी श्रीलंकाई बोर्ड से मंज़ूरी का इंतज़ार कर रहे हैं। एक फ्रेंचाइज़ी अधिकारी ने क्रिकबज़ को कन्फ़र्म किया कि मलिंगा (25), जो दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ हैं, मंगलवार (24 मार्च) को सनराइज़र्स टीम को रिपोर्ट करेंगे। मलिंगा अपने साथी श्रीलंकाई खिलाड़ी कामिंडू मेंडिस के साथ हैदराबाद पहुंचेंगे, जो 27 साल के बाएं हाथ के बैट्समैन हैं और जिन्हें पहले ही एनओसी मिल चुकी है। माना जा रहा है कि हसरंगा (एलएसजी) और पथिराना (केकेआर) को सोमवार को फिटनेस टेस्ट में शामिल होने का मौका नहीं मिला, जिसका मतलब है कि आईपीएल 2026 के लिए उनके भारत आने में देरी होगी। क्रिकबज ने पहले बताया था कि पथिराना, जिन्हें केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में साइन किया है, इस सीज़न का कुछ हिस्सा मिस करने वाले हैं, क्योंकि फ्रेंचाइजी उनके पूरी तरह ठीक होने का इंतज़ार करना चाहती है, न कि उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना चाहती है। एलएसजी को अपने 2 करोड़ रुपये के रिक्रूट हसरंगा के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 31 साल के पेसर तुषारा के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। एसएलसी ने हाल ही में एक बयान जारी कर कहा, "IPL में हिस्सा लेने के लिए नुवान तुषारा की नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की एलिजिबिलिटी उनके फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगी।ङ्क सोमवार (23 मार्च) तक उनका एनओसी स्टेटस साफ़ नहीं है। लेकिन आईपीएल में दूसरे श्रीलंकाई खिलाड़ी, दुष्मंत चमीरा और पथुन निसंका (दोनों डीसी) के साथ-साथ हाल ही में आरआर में शामिल हुए दासुन शनाका को क्लियर कर दिया गया है। कमिंस 24 मार्च को बेंगलुरु पहुंचेंगे; किशन कैप्टन्स मीट में शामिल होंगे इस बीच, सनराइजर्स के अधिकारियों ने बताया है कि रेगुलर कैप्टन पैट कमिंस मंगलवार (24 मार्च) को बेंगलुरु पहुंचेंगे, तब तक बाकी टीम के शहर पहुंचने की उम्मीद है। एसआरएच का मुकाबला 28 मार्च को चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल के पहले मैच में होम टीम और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स से होगा। फ्रेंचाइजी ने यह भी कन्फर्म किया है कि स्टैंड-इन कप्तान ईशान किशन 25 मार्च को मुंबई में कप्तानों की मीटिंग में शामिल होंगे। सभी 10 टीमों के कप्तानों का आईपीएल और ब्रॉडकास्टर्स के साथ छह घंटे का मीटिंग शेड्यूल है, जो दोपहर 12 बजे फोटो-ऑप से शुरू होगा और शाम 4:30 बजे से शाम 6 बजे तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों के साथ मीटिंग में खत्म होगा।

# किर्गिस्तान में एससीओ देशों के पहले यूथ डेल्फ़िक गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक शुरुआत की

एजेंसी

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक यात्रा के लिए एक अहम पल में, 46 सदस्यों वाला भारतीय डेलीगेशन शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले यूथ डेल्फ़िक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान पहुँच गया है। यह किसी भारतीय कलाकारों की टीम का ग्लोबल कॉम्पिटिटिव फ़ॉर्मेट में पहली बार हिस्सा लेने का प्रतीक है, जो इंटरनेशनल सांस्कृतिक आंदोलन में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इस डेलीगेशन में, जिसमें पूरे भारत के 46 युवा कलाकार और इंटरनेशनल जूरी सदस्य शामिल हैं, पियानो, लोक गायन, लोक नृत्य, लोक संगीत, कला और शिल्प, और विज़ुअल आर्ट्स जैसे अलग-अलग विषयों में मुकाबला करेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि और विविधता को दिखाएगा। डेलीगेशन को मॉडर्न पायथियन गेम्स के फाउंडर बिजेंद्र गोयल लीड कर रहे हैं, जिनकी दूर की सोच ने पायथियन गेम्स मूवमेंट को फिर से शुरू करने और ग्लोबल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एक खास बात यह है कि मिस्टर बिजेंद्र गोयल एससीओ मेंबर देशों के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में एक स्पेशल एड्रेस देंगे, जिसमें वे आर्ट्स, कल्चर और पारंपरिक खेलों के ज़रिए ग्लोबल कल्चरल कोलेबोरेशन को मज़बूत करने के अपने विजन को पेश करेंगे। डेलीगेशन के साथ अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी भी हैं, जिनकी मौजूदगी भारत के रिप्रेजेंटेशन को और मजबूत करती है और देश की कल्चरल डायवर्सिटी, खासकर नॉर्थईस्ट इलाके की डायवर्सिटी को हाईलाइट करती है। इस दौरे की एक खास बात भारतीय डेलीगेशन के सम्मान में बीरेंद्र सिंह यादव द्वारा होस्ट किया गया स्पेशल हाई टी रिसेप्शन था। एम्बेसडर ने पार्टिसिपेंट्स से पर्सनली बातचीत की, उन्हें गर्व और बेहतरीन तरीके से भारत को रिप्रेजेंट करने के लिए बढ़ावा दिया, साथ ही देशों के बीच रिश्तों को मज़बूत करने में कल्चरल डिप्लोमेसी के महत्व पर ज़ोर दिया।




## संक्षिप्त समाचार

### भगदड़ में मारे गए लोगों की याद में अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे आरसीबी के खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, ''मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा उस दिन वे काले रंग के धूप के चश्मे भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। ये उन 11 प्रशंसकों के लिए हैं जो हमेशा हमारे साथ रहेंगे।'' मौजूदा चैंपियन टीम 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी, जो इस मैदान पर खेले जाने वाले उनके पांच घरेलू मैचों में से पहला मैच होगा। आरसीबी इस आईपीएल में अपने शेष दो घरेलू मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा।

### हम सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल जुटा सकते हैं आठ लाख करोड़ रुपये : गडकरी

**मुंबई।** राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है और इस पर अधिक खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया एक रुपया, अर्थव्यवस्था में तीन रुपये के बराबर की गतिविधियां पैदा करती हैं। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, 'हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बुनियादी ढांचे पर किए गए खर्च के सकारात्मक प्रभाव का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पहले जो इलाका जंगल था, उसने रियल एस्टेट में आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। गडकरी ने कहा कि पुणे के आसपास लगभग 40,000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का शिलान्यास अगले दो सप्ताह में किया जाएगा।

### सत्वा ग्रुप बेंगलुरु में विकसित करेगी आवासीय परियोजना 8,600 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** मकान, दुकान के विकास से जुड़ी रियल एस्टेट कंपनी सत्वा ग्रुप ने मंगलवार को बेंगलुरु में नई आवासीय परियोजना शुरू करने की घोषणा की। कंपनी को इस परियोजना से 8,600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने उत्तरी बेंगलुरु में 50 एकड़ में फैली 'सत्वा सिटी' नाम से एक नई आवासीय परियोजना शुरू की है। पहले चरण में लगभग 2,500 आवासीय इकाइयां निर्मित की जाएंगी। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने परियोजना की लागत के बारे में नहीं बताया। लेकिन इस परियोजना की कुल राजस्व क्षमता 8,600 करोड़ रुपये से अधिक है। सत्वा ग्रुप के प्रबंध निदेशक बिजय अग्रवाल ने कहा, ''हमने वर्षों पहले इस जमीन की पहचान इस दृष्टिकोण के साथ की थी कि बेंगलुरु के लिए एक शहर-स्तरीय समुदाय का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा खुला और हरित क्षेत्र होगा। सत्वा समूह की बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, पुणे और गोवा में रिहायशी परियोजनाएं विकसित की हैं। इसके साथ को-वर्किंग, को-लिविंग, शिक्षा, होटल, डेटा सेंटर और भंडार गृह क्षेत्रों में भी विस्तार किया है।

### सुजलॉन को गेल से 100 मेगावाट की पवन ऊर्ज़ा परियोजना का ऑर्डर मिला

**नयी दिल्ली।** सुजलॉन समूह ने गेल (इंडिया) लि. से 100 मेगावाट की पवन ऊर्ज़ा परियोजना का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2025-26 में सुजलॉन को मिला चौथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) ऑर्डर है, जो इसकी मजबूत और समग्र क्षमताओं को दर्शाता है। इस परियोजना से उत्पन्न बिजली महाराष्ट्र के नंदुरबार में गेल के आगामी पेट्रोरसायन संयंत्र को कॉर्बन उत्सर्जन में कटौती करने में मदद करेगी। बयान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के क्षेत्र में अपनी रणनीति को मजबूत करते हुए, भारत की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्ज़ा कंपनी सुजलॉन समूह ने गेल से अपनी छठी 100 मेगावाट की पवन ऊर्ज़ा परियोजना की घोषणा की। सुज़लॉन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा, 'हमें गेल के साथ अपने मजबूत संबंधों को जारी रखते हुए खुशी हो रही है। गेल पिछले 15 साल से हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार रही है, और हम साथ मिलकर अपना छठे ऑर्डर पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी, पीएनजी की कमी से जूझ रहा है एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग

**नयी दिल्ली।** उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है। एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है। संघ ने सरकार को लिखे हालिया पत्र में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और घरों में आपूर्ति की जाने वाली पाइप वाली प्राकृतिक (पीएनजी) की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हुई है।

# मंधाना दूसरे स्थान पर कायम, हरमनप्रीत टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी




दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है।

## आईपीएल : आकाशदीप और एडवडर्स की जगह दुबे और पेन विकल्प

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाश दीप और जैक एडवडर्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया ,'' बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रूपये में केकेआर से जुड़ेंगे। विदर्भ के 28 वर्ष के सौरभ ने अभी आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है। वह पहले एसआरएच का हिस्सा थे। इस बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवडर्स की जगह लिया है जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रूपये में खरीदा था। वह डेढ करोड़ रूपये में एसआरएच से जुड़ेंगे।

# पश्चिम एशिया में नरमी के संकेत के बावजूद ब्रेंट क्रूड का भाव 103 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में नरमी के संकेत के बावजूद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम में तेजी बनी हुई है। इसकी वजह ईरान का वह बयान है, जिसमें उसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'सफल बातचीत' वाले दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। ब्रेंट करीब 103 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड लगभग 2.75 डॉलर (2.75 फीसदी) उछाल के साथ 102.69 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार ट्रेंड कर रहा है। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड में भी तेजी देखने को मिल रही है, जो 2.77 डॉलर यानी करीब 3.14 फीसदी की बढ़त के साथ 90.90 प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि जब तक होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से नहीं खुल जाता है, तब तक कच्चे तेल की कीमतों में भारी अस्थिरता बनी रहेगी। इससे पहले पिछले सत्र में कच्चे तेल की कीमतों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट आई थी। यह गिरावट उस समय देखी गई जब ट्रंप ने ईरान पर हमलों को पांच दिन के लिए टालने की घोषणा की थी और ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत में प्रगति के संकेत मिले थे। गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों ने वर्ष 2026 के लिए कच्चे तेल कीमतों के अपने अनुमान को बढ़ा दिया है। अब ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान जताया है, जो पहले के 77 डॉलर के अनुमान से 10.38 फीसदी अधिक है। इसी तरह, डब्ल्यूटीआई की कीमत 79 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है, जो पहले के 72 डॉलर के अनुमान से 9.72 फीसदी अधिक है।

# एचडीएफसी बैंक ने पूर्व चेयरमैन के इस्तीफ़े में उठाए मुद्दों की जांच के लिए बाहरी कंपनी नियुक्त की

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के दूसरे सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक ने पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफ़े में उठाए गए मुद्दों की स्वतंत्र जांच के लिए बाहरी विधि कंपनियों को नियुक्त किया है। बैंक ने यह कदम तथ्यों पर आधारित एवं निष्पक्ष आकलन सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बाहरी विधि कंपनियों की नियुक्ति एक सक्रिय कदम है, ताकि पत्र में उठाए गए सभी पहलुओं की स्वतंत्र रूप से समीक्षा की जा सके और वस्तुनिष्ठ एवं तथ्य आधारित मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह कदम बैंक द्वारा दशकों से अपनाए जा रहे उच्चतम कॉरपोरेट कामकाज मानकों के अनुरूप लगातार समीक्षा एवं तुलना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपना पद अचानक छोड़ दिया था। उनका इस्तीफा 18 मार्च से प्रभावी हो गया। यह पहली बार है, जब बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में इस्तीफा दिया है, जिससे बैंक के कामकाज को लेकर सवाल खड़े हो गए। चक्रवर्ती को आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में सेवानिवृत्ति के करीब एक साल बाद 5 मई, 2021 से अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 2024 में तीन और वर्ष के लिए बढ़ाकर 4 मई, 2027 तक कर दिया गया था। चक्रवर्ती 1985 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं। वे अप्रैल 2020 में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले वह निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव थे। ये दोनों विभाग वित्त मंत्रालय के तहत आते हैं। चक्रवर्ती बैंक की मूल कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड के साथ 'रिवर्स मर्जर' प्रक्रिया के दौरान चेयरमैन बने थे, जो देश की प्रमुख आवासीय वित्त कंपनी है।

# साई पैरेंटेरल्स का आईपीओ खुला 27 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

एजेंसी

नई दिल्ली। फार्मास्यूटिकल फॉर्मेशन तैयार करने वाली कंपनी साई पैरेंटेरल्स लिमिटेड का 408.79 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में निवेशक 27 मार्च तक बोली लगा सकेंगे। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि एक अप्रैल को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर दो अप्रैल को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक इस आईपीओ के लिए 988 आवेदनों के जरिये दो प्रतिशत सब्सक्रिप्शन आ चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 372 से लेकर 392 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 38 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 38 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,896 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर्स 1,93,648 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 494 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 1,04,28,288 शेयर जारी किए जाएंगे। इनमें 284.79 करोड़ रुपये के 72,70,408 नए शेयर जारी होंगे, जबकि 124 करोड़ रुपये के 31,57,880 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जाएंगे। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए न्यूनतम 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए न्यूनतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के भाव में गिरावट लगातार जारी है। आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,35,790 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कुंभ-2027 की तैयारियों में तेजी

## भूपतवाला में जलापूर्ति कार्यों का उप मेलाधिकारी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आगामी कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के उद्देश्य से मेला प्रशासन ने स्थलीय निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इस क्रम में चल रहे विभिन्न विकास एवं आधारभूत ढांचा संबंधी कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का नियमित आकलन किया जा रहा है, ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

मेलाधिकारी सोनिका के निर्देशानुसार उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह ने मंगलवार को भूपतवाला क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कुंभ मेले के दौरान श्रद्धालुओं को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल संस्थान द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप मेलाधिकारी ने पावनधाम के सामने निर्माणाधीन ट्यूबवेल, श्यामीलोक कॉलोनी में चल रहे ट्यूबवेल बोरिंग कार्य तथा प्राथमिक विद्यालय के समीप संचालित ट्यूबवेल बोरिंग कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किए जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उप मेलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि कुंभ मेला जैसे विशाल आयोजन में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सभी कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को नियमित निगरानी रखने, तकनीकी मानकों का पालन करने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मेला कार्यालय की तकनीकी शाखा के अधिशासी अभियंता अनुभव नौटियाल, जल संस्थान के सहायक अभियंता राकेश बमराड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उप मेलाधिकारी को कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर ली जाएंगी।



# पंजाब पुलिस अधिकारी की मौत की जांच करने में सक्षम है: भगवंत मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस अमृतसर में एक अधिकारी की कथित आत्महत्या की जांच करने में सक्षम है। मान ने साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी। मान ने यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्षी दल अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग कर रहे हैं। रंधावा ने कथित तौर पर शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। रंधावा ने पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मान ने पत्रकारों से कहा, ''हम जांच करेंगे जांच उचित तरीके से की जाएगी। पंजाब पुलिस जांच करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव स्तर की एक समिति इस घटना की जांच करेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मान ने कहा कि यदि किसी अन्य साजिशकर्ता की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भुल्लर राज्य मंत्रिमंडल से पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मान ने कहा, ''हम किसी को बचाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। मेरे लिए पंजाब एक परिवार है। अमृतसर पुलिस ने शनिवार रात भुल्लर, उनके पिता सुखदेव सिंह भुल्लर और निजी सहायक दिलबाग सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 351 (3) (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (सामान्य इरादा) के तहत एक मामला दर्ज किया था।

# संक्षिप्त समाचार

## शिवहर जिले के उप विकास आयुक्त ब्रजेश कुमार के घर सहित कार्यालयों पर एसवीयू की रेड

**पटना।** बिहार में शिवहर जिले के उप-विकास आयुक्त ब्रजेश कुमार के पटना सहित शिवहर, बेतिया,पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी के कई ठिकानों पर मंगलवार सुबह विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) छापेमारी जारी है। एसवीयू ने शिवहर में तैनात उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी बृजेश कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कांड संख्या-11/2026 दर्ज किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, बृजेश कुमार ने अपनी सेवा अवधि के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए और लोक सेवक के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करीब 1 करोड़ 84 लाख 32 हजार 900 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। यह संपत्ति उनके ज्ञात वैध आय स्रोतों से काफी अधिक पाई गई है। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश, निगरानी, पटना द्वारा तलाशी वारंट जारी किया गया। इसके आधार पर निगरानी टीमों द्वारा आरोपी के कई ठिकानों पर एक साथ छापामारी शुरू की गई है। इनमें सरकारी कार्यालय के साथ-साथ आवासीय परिसरों को भी शामिल किया गया है। बृजेश कुमार के सीतामढ़ी स्थित ससुराल में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की छापेमारी की गई। साथ ही उनके अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की जा रही। स्पेशल टीम पटना से लेकर सीतामढ़ी तक उनके तमाम ठिकानों पर दस्तावेज खंगालने में जुटी हुई है। टीम ने सीतामढ़ी के प्रतापनगर स्थित उनके ससुराल सहित पटना और शिवहर में भी दबिश दी। जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। शिवहर जिला मुख्यालय स्थित डीडीसी बृजेश कुमार के सरकारी आवास और समाहरणालय स्थित कार्यालय में सघन जांच की जा रही है। दो घंटे से दोनों स्थानों पर जांच के दौरान टीम ने जेवरात और प्रॉपर्टी के कागजातों की जांच की। बताया जा रहा है कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पटना से आई विशेष निगरानी इकाई ने शिवहर के अलावा पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के जितवारपुर स्थित डीडीसी के आवास, सीतामढ़ी जिले के मेहसौल गुमटी स्थित ससुराल के आवास, पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया स्थित ठिकाने और पटना स्थित आवास पर रेड की है। छापामारी के दौरान दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, संपत्ति से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी पूरी होने के बाद बरामदगी और संपत्तियों का विस्तृत आकलन किया जाएगा, जिससे अवैध संपत्ति के दायरे का और स्पष्ट पता चल सके। निगरानी इकाई के अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। जरूरत पड़ने पर अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है।

## दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में प्लाईवुड गोदाम में आग से सामान राख

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में आज तड़के एक प्लाईवुड गोदाम में आग लग गई। इसकी सूचना सुबह करीब 3:55 बजे दमकल विभाग को मिली। दमकल विभाग के अनुसार, आग एन-219, सेक्टर-2 स्थित एक प्लाईवुड गोदाम में लगी। यह गोदाम गंगा टोली मंदिर के पास है। शुरुआती तौर पर तीन वाटर टेंडर, दो वाटर बाउजर और एक क्विक रिस्पांस व्हीकल (क्यूआरवी) को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन गोदाम में ज्वलनशील सामग्री अधिक होने के कारण आग तेजी से फैल गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दमकल विभाग को लगातार अतिरिक्त गाड़ियां भेजनी पड़ीं। दमकल अधिकारी के अनुसार करीब 4:15 बजे तक आग की तीव्रता बढ़ने पर और दमकल यूनिट्स को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद 4:50 बजे तक 7 और गाड़ियों को बुलाया गया । दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर धीरे-धीरे काबू पाया गया। हालांकि आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी प्रशांत के हाथ में मामूली चोट लग गई। उन्हें तुरंत महार्षि वाल्मीकि अस्पताल, पूठ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन दमकल विभाग और संबंधित एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

## होशियारपुर के गढ़दीवाला में एक व्यापारी के घर पर अंधाधुंध फायरिंग

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़दीवाला इलाके में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्थानीय व्यापारी के घर पर कथित तौर पर गोलियां चलाकर लोगों में दहशत फैला दी। गनीमत रही कि इस फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। एसएचओ उप निरीक्षक सतपाल ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार रात करीब 10 बजे हुई। जैन कॉलोनी के निवासी चंदर किशोर उर्फ घूगा के घर के मुख्य गेट पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने तीन राउंड फायरिंग की। चंदर किशोर गढ़दीवाला के गांधी चौक पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाते हैं।विस्तृत

## बिहार की 21 जेलों में बनेंगे 44 आवासीय भवन, 88.89 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**पटना।** बिहार सरकार ने कारा कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बताया कि राज्य की 21 काराओं में कुल 44 बी-टाइप (जी+3) आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भवन की लागत 202.04 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर कुल परियोजना की अनुमानित लागत 88 करोड़ 89 लाख 76 हजार रुपये तय की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2025-26 और आने वाले वर्षों में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि यह योजना बिहार कारा हस्तक 2012 के नियमों के तहत लागू की जा रही है। इसके अनुसार मुख्य कक्षपाल और उससे ऊपर के अधिकारियों को कारा परिसर में किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराना अनिवार्य है। साथ ही 10 प्रतिशत कक्षपालों को पारिवारिक आवास और शेष को एकल आवासीय सुविधा देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 5034 कक्षपाल पद स्वीकृत हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुसार आवासीय ढांचे का विस्तार किया जा रहा है।

# दिल्ली-मुंबई से संचालित ठगी के बड़े गिरोह का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर ठगी करने वाले बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने एक वरिष्ठ नागरिक को हाई रिटर्न का झांसा देकर 22.67 लाख रुपये की ठगी की थी।



दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में तजिंदर सिंह उर्फ लकी, आशीष सैनी, शिव दयाल सिंह, शिवा, गिरिराज किशोर, प्रतिभा उर्फ पायल, सतीश, रामदेव सांगला, प्रवीण कुमावत, दीपक मेवाड़ा और त्रिलोक चंद नायक शामिल हैं। यह गिरोह दिल्ली और मुंबई से संगठित तरीके से साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामला 21 नवंबर 2025 का है, जब 60 वर्षीय ए. श्रीनिवासन ने साइबर थाने में शिकायत दी थी। फ़ेसबुक पर वित्त मंत्री के भाषण का दुरुपयोग कर 'एआई ट्रेडिंग' के नाम पर निवेश का विज्ञापन दिखाया गया। लिंक के जरिए रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ठगों ने खुद को निवेश सलाहकार बताकर उनसे संपर्क किया और 'मुद्राओन' व अन्य प्लेटफॉर्म पर निवेश के लिए प्रेरित किया। आरोपितों ने बड़ी कंपनी के नाम पर पैसा ट्रांसफर करवाया और बाद में संपर्क तोड़कर फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान मनी ट्रेल, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, डिजिटल फुटप्रिंट और तकनीकी निगरानी के जरिए दिल्ली के रोहिणी और नेताजी सुभाष प्लेस में सक्रिय गिरोह का पता चला। पुलिस ने दोनों जगहों पर छापेमारी कर पांच आरोपितों को दबोचा। यहां से फर्जी बैंक खातों के संचालन का पूरा सेटअप मिला। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह फ्रंट ऑफिस और बैकएंड के जरिए 'म्यूल अकाउंट' तैयार कर ठगी के पैसे को अलग-अलग खातों में घुमाता था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि ठगी की रकम कई परतों से गुजरकर मुंबई के एक बैंक खाते में पहुंचाई जाती थी। इसके बाद पुलिस ने राजस्थान और मुंबई में कार्रवाई कर चार और आरोपितों को दबोचा। आरोपितों ने बताया कि वे फर्जी खाते तैयार कर उन्हें अन्य साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे, जो कंबोडिया में बैठकर भारतीय नागरिकों को निशाना बनाते थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 40 मोबाइल फोन, 92 फर्जी सिम कार्ड, 39 पासबुक/चेकबुक, 27 एटीएम कार्ड, 4 पैन कार्ड, एक लैपटॉप, एक डेस्कटॉप, 2 पीओएस मशीन, 6 यूपीआई स्कैनर, एक प्रिंटर और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

## पहली बार हॉकी के इंटरनेशनल मुकाबलों की मेजबानी करेगा पंजाब

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब में पहली बार हॉकी के इंटरनेशनल मुकाबलों की मेजबानी करेगा। सारे मुकाबले मोहाली व जालंधर में होंगे तथा भारत और पाकिस्तान की टीमों के खेलने की पूरी उम्मीद है। 26-27 अक्टूबर को पहली बार मैच होगा। चंडीगढ़ में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भगवंत मान ने कहा कि इन मुकाबलों में टॉप छह टीमें खेलेंगी। उन्होंने कहा कि महिला वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा रही पंजाब की तीन महिला खिलाड़ियों को डेढ़-डेढ़ करोड़ दिए जाएंगे। यह राशि उनके खातों में ट्रांसफर हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पंजाब के खिलाड़ी अन्य टीमों में खेल रहे हैं, उन्हें दोबारा पंजाब आने का मौका दिया जाएगा। पंजाब सरकार बीसीसीआई के सहयोग से पंजाब क्रिकेट लीग का आयोजन कर रही है। इस दौरान टूर्नामेंट में आने वाले खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं दी जाएंगी। बसों से उन्हें जालंधर और चंडीगढ़ आने-जाने की सुविधा दी जाएगी। सीएम ने कहा कि इससे पहले 1997 में पाकिस्तान के साथ जालंधर में टेस्ट मैच हुआ था। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार से इस संबंध में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है।

# दिल्ली सरकार का बजट संतुलित, प्रगतिशील एवं भविष्य उन्मुख : खंडेलवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में पेश वित्त वर्ष 2026-27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे एक प्रगतिशील एवं दूरदर्शी रोडमैप बताया है। सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह बजट आधुनिक फल, सब्जी एवं फूल मंडी का प्रस्ताव एक बड़ा सुधार है, जो आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा, बर्बादी को कम करेगा और सभी हितधारकों को बेहतर मूल्य दिलाने में सहायक होगा।



उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 का दिल्ली बजट ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के साथ ही स्वच्छ तकनीकों में नए आर्थिक अवसर भी उत्पन्न करेगा। खंडेलवाल ने कहा कि आईआईटी के सहयोग से उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने वाला एक दूरदर्शी कदम है, जो स्टार्टअप्स और उभरते उद्योगों को मजबूती प्रदान करेगा। महिला हाट आउटलेट्स की शुरुआत महिलाओं को बाजार उपलब्ध कराकर उनके उद्यम को सशक्त बनाएगी और व्यवसाय में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगी। कैट महामंत्री ने कहा कि दिल्ली में 50 हजार नए कैमरों की स्थापना से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे व्यापार और निवेश के लिए अधिक अनुकूल वातावरण बनेगा। गिग वर्कर्स, ट्रांसजेंडर समुदाय एवं ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बोर्ड्स का गठन तथा एमएसएमई के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित करना समावेशी आर्थिक विकास और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित वेयरहाउसिंग नीति लॉजिस्टिक्स ढांचे को आधुनिक बनाएगी और सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाएगी। रैंप योजना के अंतर्गत एमएसएमई प्रशिक्षण छोटे व्यापारियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और डिजिटल सशक्तिकरण को सुदृढ़ करेगा।

# मुठभेड़ में दबोचा गया 85 लाख की लूट का वांछित बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के मध्य जिले के पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद 85 लाख रुपये की लूट के मामले में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपित ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें एक गोली इंस्पेक्टर की बुलेट प्रूफ जैकेट पर जा लगी। गनीमत रही कि जैकेट होने के कारण उनकी जान बच गई। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान गौतमपुरी, उस्मानपुर निवासी अजय उर्फ कालिया (34) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के शास्त्री पार्क थाने में दर्ज 85 लाख रुपये की लूट के मामले में वांछित था और कई अन्य संगीन वारदातों में भी शामिल रहा है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार सोमवार रात सूचना मिली थी कि आरोपित आईपी एस्टेट इलाके में रोज गार्डन सर्विस रोड के पास अपने साथियों से मिलने आएगा और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। इसके बाद स्पेशल स्टाफ की टीम ने इलाके में जाल बिछाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार रात करीब 12:22 बजे एक संदिग्ध युवक स्कूटी से मौके पर पहुंचा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर दी। घिरने पर आरोपित ने स्कूटी छोड़ दी और पिस्टल निकालकर पुलिस टीम पर चार राउंड फायरिंग किया। एक गोली इंस्पेक्टर रोहित कुमार की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपित के पैरों में गोली मार दी।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह, 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय रोशनाबाद में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान सम्मान समारोह एवं 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना और ग्राम स्तर तक प्रभावी कार्ययोजना को लागू करना है। इस दौरान टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, वॉलेंटियर्स, आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मदन कौशिक ने कहा कि टीबी हटेगा, देश जीतेगा केवल नारा नहीं बल्कि एक संकल्प है, जिसे सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों, वॉलेंटियर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से टीबी के खिलाफ लड़ाई मजबूत हो रही है। उन्होंने जनपद की 37 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने कहा कि जनपद में टीबी उन्मूलन के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक रणनीति लागू की जा रही है। उन्होंने सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों से 100 दिवसीय अभियान को मिशन मोड में चलाने की अपील की। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि जनपद में टीबी मरीजों की सक्रिय खोज, निशुल्क जांच और उपचार की सुविधा लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 37 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जिनमें से 10 ग्राम प्रधानों को सिल्वर ट्रॉफी और 27 ग्राम प्रधानों को कांस्य ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुल्तानपुर सबतवाली के ग्राम प्रधान श्रवण कुमार ने भी क्षय उन्मूलन के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, एसीएमओ रमेश कुंवर, शादाब सिद्दीकी, स्वास्थ्य अधिकारी बहादराबाद आरती बहल, स्वास्थ्य अधिकारी भगवानपुर अनुज सिद्दीकी सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।




## जेल से रिहा होने के बाद अनंत सिंह का 50 किमी लंबा रोड शो, बोले- साजिश के तहत फंसाया गया

**पटना।** बिहार की मोकामा विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक अनंत सिंह ने जेल से रिहा होने के बाद मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने करीब 50 किलोमीटर लंबा मेगा रोड शो निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। रोड शो के दौरान मीडिया से बातचीत में अनंत सिंह ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें एक साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने दावा किया कि घटना के दिन वह घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर थे। इससे पहले रिहाई के बाद अनंत सिंह अपने समर्थकों के काफिले के साथ मोकामा से बड़हिया के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरे रास्ते समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया और समर्थकों ने नारेबाजी भी की। बड़हिया रवाना होने से पहले अनंत सिंह ने एक बार फिर साफ किया कि वह आगे कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनके बेटे चुनाव लड़ेंगे और जनता के बीच जाकर काम करेंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063